ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16
उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 3, अंक 285, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12
तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

## दो चरणों में होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना, 16 जून को अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से
- देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इस प्रक्रिया की शुरुआत एक मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 के पहले अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। इस आशय की अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 के बीच चला था और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था।

पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा।

## केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

### लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।



राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।

### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# मातम में बदला जश्न, 11 की मौत

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के प्रयास में भगदड़, 33 लोग घायल | स्टेडियम के बाहर आरसीबी टीम के स्वागत को उमड़ी थी लाखों की भीड़ | मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख देने की घोषणा

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थी और सुरक्षा को ध्यान में रखना था।



आईपीएल 2025 जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सम्मान समारोह के दौरान उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। ● एजेंसी

### फिर भी स्टेडियम के भीतर जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू कर दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर हालांकि खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए, उन लोगों के लिए जिन्होंने कठिन समय में भी आरसीबी का साथ दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।



भगदड़ में घायल प्रशंसक को अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के मुद्दे पर दलों में चर्चा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि अधिकांश दल इस मुद्दे पर आंतरिक चर्चा के बाद अपना रुख बताएंगे।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

## सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

गंगटोक, एजेंसी

- बचाव को लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू, उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## अपने जन्मदिन पर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे योगी

- राजा राम समेत देवों की प्राण प्रतिष्ठा के बनेंगे साक्षी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। सरयू तट पर रामकथा पार्क के समीप पुष्प वाटिका में एक पेड़ मां के नाम लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करेंगे।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संस्था पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

## ट्रक के वैन पर पलटने से नौ की मौत, दो घायल

झाबुआ, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के हुआ हादसा

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के वैन पर पलट जाने से पांच नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के वारिसों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना आधी रात के बाद करीब ढाई बजे हुई जब कुछ लोग वैन से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों में पांच नाबालिग हैं। मरने वालों में दो परिवारों के लोग हैं। झाबुआ के एसपी पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि ट्रक मेघनगर के संजेली रेलवे फाटक के पास एक अस्थायी सड़क से निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज को पार कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। वह जासूसी के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

### ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने के लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।



### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।

# गंगा दशहरा आज, घाटों पर उमड़ेंगे आस्थावान, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## सात थानों के इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष रहेंगे तैनात, छह स्थानों पर बैरियर लगाए

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गंगा दशहरा मेला गुरुवार को आयोजित होगा। आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में आस्थावान पुण्य की डुबकी लगाएंगे। एसपी की तरफ से व्यवस्थाएं पूरी कर ली गईं हैं। गोताखोरों के साथ पुलिस के जवान भी गंगा तट पर तैनात रहकर व्यवस्था बनाए रखेंगे।

गुरुवार को गंगा दशहरा पर लाखों भक्त गंगा स्नान करने के लिये मेहंदी घाट, जलेसर गंगा घाट व सिंघीरामपुर गंगा घाट पर भक्त पतितपावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगायेंगे। इसको लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने खास इंतजाम किये हैं। भक्तों को जाम से न जूझना पड़े इसके लिये वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मेहंदी घाट पर जाने के लिये 06 स्थानों पर बैरियर लगाये गये हैं। इन बैरियर पर वाहनों को रोका जायेगा। गंगागंज गांव से पहले वाहनों को पार्क कराया जायेगा। इसके अलावा हरदोई की ओर से आने वाले वाहनों कासिमपुर, बक्सीपुर्वा गांव के निकट पार्क कराया जायेगा। गंगा के गहरे पानी में रस्सा बांधकर बैरीकेडिंग की गई है। लाउडस्पीकर से लगातार उद्घोष किया जायेगा कि भक्त गंगा के गहरे पानी में स्नान न करें। भक्तो की सुरक्षा के लिये 350 पुलिस जवानों की ड्यूटी दो शिफ्टों में लगाई गई है। स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिये सात थाना प्रभारियों को लगाया गया है। इसके अलावा पीएसी के जवान भी तैनात किये गये हैं। नाविकों के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया है जो नाव पर सवार रह कर सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। मेले को एसपी ने पांच सेक्टरों में बांट कर सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है। अराजकतत्वो से निपटने के लिये महिला व पुलिस जवानों को सादा कपडों में लगाया गया है।



गंगा दशहरा पर्व से पहले मेंहदी घाट गंगा तट पर झाड़ू लगाते डीएम, एसपी व अन्य। अमृत विचार

**350** पुलिस जवानों के साथ सादा वर्दी में तैनात रहेगी महिला पुलिस

### जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने गंगा तट पर लगाई झाड़ू

**कन्नौज।** गंगा दशहरा को लेकर डीएम, एसपी ने अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मेहंदी घाट गंगा तट पर सफाई अभियान चलाया। ज्येष्ठ मास का गंगा दशहरा गुरुवार को है। इससे पहले पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिये जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की अगुवाई में बुधवार को सुबह के समय मेंहदी घाट गंगा तट पर पर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत अधिकारियों, पुलिस कर्मियों एवं अन्य कर्मठ नागरिकों ने श्रमदान कर घाट परिसर की गहन सफाई की। अभियान का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना था, बल्कि आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी था। पुलिस ने स्वयं अपने स्तर पर भी घाट एवं आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य किया। जिससे क्षेत्र को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# सीएमओ कार्यालय से मेडिकल फिटनेस के बाद ही बनेगा डीएल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पहले जिला या अन्य अस्पताल के पर्चे से बन रहे थे ड्राइविंग लाइसेंस

**अमृत विचार।** अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिये सीएमओ कार्यालय से स्वास्थ्य चेकअप की रिपोर्ट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

अब एआरटीओ कार्यालय के दलाल फर्जी तरह से मेडिकल फिटनेस का पर्चा लगा कर किसी का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनवा सकेंगे। इसकी प्रक्रिया बदल दी गई है। पहले जिला अस्पताल या अन्य किसी सरकारी अस्पताल से एक रुपये के पर्चे पर आवेदक की फिटनेस की जांच रिपोर्ट लगावाने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया जाता था। यही नहीं एआरटीओ कार्यालय के बाहर बैठे दलाल कंप्यूटर से संबंधित की फिटनेस का पर्चा निकाल कर डाक्टर की फर्जी सील लगा कर भी आवेदन कर लाइसेंस जारी करा लेते थे। इसके बदले दलाल अधिक फीस लेते थे। अब यह नहीं चलेगा। शासन से आये फरमान के बाद जिन लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी कराना होगा उन्हें फिटनेस रिपोर्ट किसी अस्पताल की जगह सीएमओ कार्यालय से लगवानी होगी। परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल पर इस जांच रिपोर्ट को अपलोड करने के दौरान लाइसेंस बनवाने वाले व्यक्ति के मोबाइल पर ओटीपी आती है। इसे लेने के बाद फिटनेस को फीड किया जायेगा। ऑनलाइन रिपोर्ट सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट पहंचने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। मेडिकल फिटनेस के लिए संबंधित को सीएमओ कार्यालय खुद अपना मोबाइल लेकर जाना होगा।

### खेल-खेल में सिखाई हिंदी व्याकरण की बारीकियां

**छिबरामऊ।** हीरालाल वीएन इंटर में आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में हिंदी व्याकरण की बारीकियां समझाई गई। बुधवार को समर कैंप में मेजर संदीप कुमार माधव ने बच्चों को संवाद करना, फिल्मों व व्यावहारिक जीवन में संवाद का महत्व, शारीरिक भाव भंगिमा, इशारा मुकरा की भाषा को समझाया। शिक्षिका नीरज ने कविता व कविता लेखन के बारे में बताया। व्यावसायिक शिक्षक रूपेश कुमार द्वारा छात्र छात्राओं के बीच मूक अभिनय विधा पर एक रोचक गतिविधि कराई।

## सार-संक्षेप



डांस करते बच्चे। अमृत विचार

### नन्हे-मुन्हें बच्चों ने डांस परफॉर्मेंस से मन मोहा

**छिबरामऊ।** बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में डांस दीवाने ग्रुप के द्वारा डांस स्टार चैंप (किड्स) ट्रॉफी के लिए पहला ऑडिशन लिया गया। मेंटोर सतेंद्र सिंह ने बताया कि पहले ऑडिशन में जहां सनाया, प्रिया, माही, हर्ष यादव, तान्या, शुभांश, वेदांशी यादव, वेदांशी वर्मा ने सोलो परफॉर्मेंस दिया। वहीं देवांशी गुप्ता, परी सिंह, सजल, अयांश, ऐश्वर्या, वैदिक यादव, वर्णिका, राधिका वर्मा ने ग्रुप परफॉर्मेंस देकर उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया। संस्था प्रमुख गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि बच्चों के मानसिक विकास के लिये संस्था की तरफ से इनडोर ऑडिशन कराये जा रहे है। ऑडिशन की थीम फ्री स्टाइल डांस रखी गई है। प्रतियोगिता का दूसरा ऑडिशन 15 जून, तीसरा 25 जून सेमीफाइनल 6 जुलाई और फाइनल 13 जुलाई को होगा। पुनीत सिंह, राधा मिश्रा, सुरजीत कुमार ने निर्णयक मंडल की भूमिका निभाई।

### फूस बंगले में लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

**सौरिख, कन्नौज।** फूस बंगले में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गांव रौसेन निवासी अशोक शर्मा पुत्र बृजेश शर्मा गांव में ही अपने घर के सामने रखे फूस के बंगले में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। बुधवार दोपहर अचानक बंगले में आग लग गई। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने सबमर्सिबल व नलकूप चलाकर आग को बुझाया। तब तक गृहस्थी का सामान चारपाई, बिस्तर, कपड़े, गेहूं आदि जलकर राख हो गये।



जली पड़ी गृहस्थी देखता पीड़ित

### सड़क दुर्घटनाओं में मां-बेटा सहित चार लोग घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में जनपद फर्रुखाबाद के जहानगंज क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय वंदना अपने एक वर्षीय पुत्र विष्णु को लेकर पति अजय कुमार की बाइक से कहीं जा रहे थे। किसी कार की टक्कर लगने से मां बेटा घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना में संतुलन बिगड़ने से बाइक सहित खाई में जा गिरे ग्राम ललकापुर निवासी 30 वर्षीय जसवंत पुत्र श्याम बाबू तथा 35 वर्षीय अवधेश पुत्र कृपाल सिंह घायल हो गए।



अधिकारियों को ज्ञापन देते भाकियू भानू गुट के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# ग्रामीणों ने किया उपकेंद्र का घेराव, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता छिबरामऊ

- कमालपुर में 63 की जगह 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का भरोसा

**अमृत विचार।** विद्युत की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों व किसानों के सहयोग में उतरे भारतीय किसान यूनियन भानू किसान क्रांति दल के नेतृत्व में बुधवार को ग्रामीणों ने बहवलपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र का घेराव किया। इस पर विभागीय अधिकारियों ने जल्द गांव में 63 केवीए की जगह 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखने व लाइन रूट डायवर्ट किए जाने का आश्वासन दिया है।

ग्राम बहवलपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर भारतीय किसान यूनियन भानु किसान क्रांति दल धरने पर बैठे। ग्राम वासियों से मिलने पहुंचे एसडीओ व जेई ने उनकी समस्या को सुना और जल्दी निस्तारण किए जाने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त करा दिया। अधिकारियों ने तत्काल समाधान के लिए अपने उच्च अधिकारियों से बात की, जिसपर उन्होंने बुधवार की शाम या गुरुवार की सुबह तक ग्राम कमालपुर में 63 की जगह 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखे जाने व रूट डायवर्ट किया जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव आर पी ठाकुर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, युवा मंडल अध्यक्ष रविकांत श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष रावेंद्र शर्मा, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मजीद, प्रेम चतुर्वेदी, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष अयूब, रामकुमार यादव जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी, सचिन मिश्रा जिला अध्यक्ष छात्र मोर्चा, प्रणव सक्सेना जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, सचिन शाक्य जिला उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, सुमित नगर अध्यक्ष किसान क्रांति दल, गौरव सहित कमालपुर ग्रामवासी मौजूद रहे।

# गायत्री जयंती पर निकली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गायत्री जयंती व गंगा दशहरा समारोह के अन्तर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार को पहले दिन नगर के एसबीएस इंटर कालेज मकरंदनगर से भव्यता से कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय गायत्री जयंती समारोह का शुभारम्भ हो गया। सबसे पहले बाबा नंदकिशोर वानप्रस्थी, सुनीष शर्मा सोनू परिव्राजक ने कलश पूजन कराया। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश गुप्ता ने गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्री राम शर्मा, माता भगवती देवी शर्मा व मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। कलश यात्रा में सबसे आगे पीले और लाल झण्डे आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं प्रथम पूज्य गणेश की झांकी शोभायमान थी। बैंड वादक धार्मिक लहरियो से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। जिसके पीछे पीत वस्त्र धारी महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रहीं थी।

सबसे पीछे गायत्री माता की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र थी। कलश यात्रा में बाबा खाटू श्याम की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कलश यात्रा चिरैयागंज, हरदेवगंज, छोटा चौराहा, बक्शी चौराहा, आबकारी रोड, पीतल मंडी, तालवारान रोड, फर्श रोड, बड़ा चौराहा, नगर पालिका रोड, लाखन तिराहा होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल एसबीएस इण्टर कॉलेज पहुंची जहां पर कलश पूजन के साथ आरती व प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रभा गुप्ता, माया गुप्ता, अनीता शर्मा, प्रकाश शर्मा, विष्णु शुक्ला बिब्बी, प्रदीप श्रीवास्तव पिंकू, श्यामू प्रजापति, सुनील प्रजापति पिंकू, अमित बाथम, महेंद्र बाथम, रंजीत कश्यप, अशोक गुप्ता, सोनू यादव, विक्की, सोनू कुशवाहा, राजेश गुप्ता, रामसेवक यादव, पंकज कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, मीरा श्रीवास्तव, संजीत ओमर, सुमन लता कटियार, अभिषेक कटियार, नीरज राजपूत, संजीव बाथम आदि मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य। अमृत विचार

### आज गायत्री महायज्ञ व शाम को दीपयज्ञ

**कन्नौज।** एसबीएस इण्टर कॉलेज में चल रहे गायत्री जयंती समारोह के दूसरे दिन 5 जून गुरुवार को प्रात: 06 बजे सामूहिक ध्यान साधना से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। उसके बाद यज्ञोपवीत संस्कार, जन्मदिन समारोह, विद्यारंभ संस्कार के साथ पांच कुण्डी गायत्री महायज्ञ दोपहर 12 बजे तक चलेगा। सायं सात बजे दीप महायज्ञ का आयोजन होगा जिसमे पांच हजार दीपक प्रज्ज्वलित किए जायेंगे।

## दर्ज कराई मार्ग दुर्घटना की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** टेंपो के चालक ने तेज गति से चलाते हुए अन्य टेंपो में टक्कर मार दी जिससे सवार महिला घायल हो गई। । घायल महिला के पुत्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिरोजाबाद के थाना अरॉव ग्राम आजमाबाद निवासी राजीव पुत्र मान सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिर्पोट में कहा है कि 15 मई की शाम लगभग 03 बजे उसकी मां उर्मिला देवी टेंपो में सवार होकर जा रही थी। तभी ग्राम सराय प्रयाग स्थित हाईवे पर टेंपो के चालक थाना सौरिख के नगला हंसी निवासी नन्हे पुत्र अनीम ने दूसरे टेंपो में टक्कर मार दी थी

# ट्रांसफार्मर में मीटर लगा रोकेंगे बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मीटर की रीडिंग व उपभोक्ताओं की रीडिंग से किया जायेगा मिलान

**अमृत विचार।** फिर से ट्रांसफार्मर में बाक्स लगा कर मीटर लगाने की तैयारी विभाग ने शुरू की है। इसका मकसद बिजली चोरी रोकना है।

बिजली चोरी रोकने का विभाग ने फिर से प्रयास शुरू किया है। एक बार फिर से ट्रांसफार्मर में मीटर लगाने के लिये बाक्स लगाये जाने लगे हैं। इन बाक्स के अंदर एक मीटर लगाया जायेगा जो ट्रांसफार्मर से उपभोक्ताओं को दी जा रही बिजली की रीडिंग निकालेगा। प्रति माह इस रीडिंग को चेक किया जायेगा। इसके साथ संबंधित ट्रांसफार्मर से जिन उपभोक्ताओं को बिजली दी जायेगी। उनके मीटर की रीडिंग निकाली जायेगी। यदि ट्रांसफार्मर के मीटर से अधिक बिजली की खपत हुई और उपभोक्ता के मीटर पर कम दिखी तो माना जायेगा कि ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं के यहां बिजली की चोरी की जा रही है। इसी को आधार मान कर विभाग की ओर से अचानक छापेमारी की जायेगी। इस के बाद बिजली चोर को पकड़ कर उस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर भारी जुर्माना लगाया जायेगा। ट्रांसफार्मर में बाक्स और मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। पहले बाक्स लगाये जा रहे हैं। उ,स के बाद मीटर लगाये जायेंगे। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में यह काम विभाग की ओर से शुरू किया गया है। अभी ट्रांसफार्मर के मीटर से उपभोक्ताओं के मीटर का मिलान भले नहीं किया जा रहा है पर आने वाले समय में विभाग प्रत्येक ट्रांसफार्मर के मीटर की रीडिंग लेगा। इसी के आधार पर बिजली चोरों को पकड़ेगा। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर बाक्स व मीटर लगाने का काम किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

दिनांक 01–04–2025 से सांझेदारी फर्म Krishna Enterprises and Solution के सांझेदार विशाल प्रकाश पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को निकालकर भास्कर पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को नए सांझेदार के रूप मे नियुक्त करते हुए फर्म के नाम मे संशोधन कर Krishna Solutions किया जाता है।

**सूचना**

मैने अपना नाम EHRAR AHAMAD से बदलकर EHARAR AHAMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o - KALIM ADD- Ho.No. 424 JEEWAL POST-SIKRI DIST-BARABANKI - 225415(U.P)**

**सूचना**

हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिमा उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबंध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. –3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज – कन्नौज।**

**सूचना**

मै, जुहैब जाहिद वयस्क पुत्र जाहिद जमशेद निवासी फ्लैट नं0–805, 16/16 गोकुल अपार्टमेंण्ट सिविल लाइन्स ग्वालटोली थाना कोतवाली, कानपुर नगर अपनी पत्नी दानिया नाजिम पुत्री श्री मोहम्मद नाजिम निवासी म0नं0 44/8 चौबे गोला नई सड़क थाना मूलगंज कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में अन्तिम, तृतीय तलाक दि0 13–05–2025 को दे रहा हूँ। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको प्रथम तुहर की प्रथम तलाक दि0 1–3–2025 व द्वितीय तुहर की द्वितीय तलाक 12–04–2025 से सम्बन्धित नोटिस भी प्रेषित की जा चुकी है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAMESH KUMAR से बदल कर RAMESH KUMAR DALAI S/o GANGADHAR DALAI रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाए। **पता– 3/85 VIJYANT KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW Pincode 226010**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार, पैन, व बैंक रिकॉर्ड में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी स्व0 राम अजोर सिंह है। जो सही है। पेंशन रिकॉर्ड में शांता देवी दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। मै स्पष्ट करती हूं कि मेरा नाम शान्ती देवी ही है। **शान्ती देवी पत्नी स्व राम अजोर सिंह ग्राम – बनभोकार पोस्ट – खानपुर, सुल्तानपुर उ. प्र. पिन –** 222303

**सूचना**

मेरा खेत/प्लाट स्थित बलरामपुर देहात का रजिस्ट्री दिनांक 04/02/2020 का मूल दस्तावेज संख्या 202000925000560 जो कि प्लास्टिक के बैग में रखा था। दिनांक 29/05/2025 को गांव से गोविंदपुर के बीच में कहीं गिर कर खो गया है। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला है। **रिशू श्रीवास्तव पुत्र रमेश कुमार श्रीवास्तव ग्राम सहियापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा सही नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) है। मेरी जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाणपत्र– सह–अंकपत्र में 17.12.2002 है,जो सभी अभिलेखों में अंकित है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सिलोचना सरोज (SILOCHANA SAROJ) व जन्मतिथि 01.01.2002 अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड में संसोधन करते हुए नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) व जन्मतिथि 17.12.2002 अंकित किया जाये। **सुलोचना देवी पत्नी प्रदीप कुमार सरोज पता– ग्राम– बीरापुर, परगना– पट्टी, तहसील– रानीगंज, जिला – प्रतापगढ़, यू. पी.**

ग्राम चौपाल

चौकी मुस्तफाबाद में ग्रामचौपाल लगाकर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से की बात

# प्रत्येक पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। अधिकारी गांवों में नियमित रूप से भ्रमण कर ग्रामीण वासियों की समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ग्राम चौकी मुस्तफाबाद विकास खंड कन्नौज में ग्राम चौपाल की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान ग्रामवासियों से कहा मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि जिला स्तरीय अधिकारी सहित पूरी टीम गांव- गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुने और उनका निस्तारण करें। साथ ही सरकार की योजनाएं कौन-कौन सी चल रही है और उनका लाभ कैसे पा सकते हैं, इसीलिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। सभी से समस्याओं और जरूरतों को बेझिझक प्रशासन के समक्ष रखने का आह्वान किया।

आवास, शौचालय, हैंडपंप, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, विद्युत, सड़क/ खड़ंजा, अमृत सरोवर, जीरो पावर्टी, पेयजल सहित विभिन्न योजनाओं पर ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं रखीं गईं। जिलाधिकारी ने समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर करने को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाकर आभा कार्ड, वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं और बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस श्री प्रवीण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती नवनीता राय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम औतार, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, ग्राम प्रधान गुलाब सिंह एवं उपायुक्त रोजगार राजकुमार लोधी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त, आदि अधिकारी मौजूद रहे।



चौकी मुस्तफाबाद में जन चौपाल में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व मौजूद लोग।

### आवास योजना के पात्रों का चिन्हांकन स्वयं करें बीडीओ:डीएम

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन स्वयं करें। अपात्र का चयन नहीं होना चाहिए तथा खराब हैंडपंपों के मरम्मत का कार्य भी शीघ्र कराया जाए। यह भी निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन कराए और शिक्षा पर जोर दे। जलजीवन मिशन द्वारा 3 माह के अंदर इस गांव में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाए।

## सड़क हादसे में व्यापारी की मौत मामले में रिपोर्ट

**कन्नौज।** 28 मई को गांगूपुर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यापारी की मौत के मामले में पत्नी ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला ग्वाल मैदान निकट शिवाला मंदिर निवासी वन्दना मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनके पति आशीष मिश्रा सेल्स मार्केटिंग का काम करते थे। रोज की तरह वह 28 मई को सुबह करीब 10 बजे मोटर साइकिल से अरौल कानपुर नगर के लिये निकले। 11:20 बजे जैसे ही वह मित्रसेनपुर गांव के सामने हाइवे पर पहुंचे उसी समय किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनको टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। यह देख परिचित लोग उनको एंबुलेंस से कानपुर ले जा रहे थे तभी उनकी रास्ते में मौत हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना इटावा**

पत्रांक :– 107/न0पा0प0म0/ ई0–निविदा/2025–26/25 दिनांक: 04/06/2025

**ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत (निविदा आमंत्रण सूचना)**
**(ई–निविदा सूचना)**

कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना द्वारा ई–निविदा सूचना के माध्यम से से 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त टाइड/अन्टाइड ग्रान्ट/अवस्थाना निधि से प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने है, इस हेतु समस्त प्रतिष्ठित ठेकेदारों/फर्म/पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–06/06/2025 को समय प्रातः 10.00 बजे से 27/06/2025 तक दोपहर 02.00 बजे तक ई–निविदायें (टैक्निकल एवं फाईनेन्शियल) आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा वेवसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त ई–निविदा दिनांक–28/06/2025 को दोपहर 02.00 बजे कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय, इटावा के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य विस्तृत जानकारी निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | नगर पालिका परिषद ANM Stage | Vender Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | --- | 06/06/2025 10.00 AM | --- |
| 2 | --- | Tender Download | 06/06/2025 10.00 AM | 27/06/2025 02.00 PM |
| 3 | Close of Bid | Bid Submission | --- | 27/06/2025 02.00 PM |
| 4 | Technical Opening Bid | --- | --- | 28/06/2025 02.00 PM |
| 5 | Financial Bid Opening | --- | --- | After Approval of Technical Bid |

नोट :– अन्य नियम व शर्तो को किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय अथवा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(विनय कुमार मणि त्रिपाठी)
अधिशाषी अधिकारी
न0पा0परि0 भरथना इटावा

(अजय कुमार यादव)
अध्यक्ष
न0पा0परि0 भरथना इटावा

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

गुरुवार को धूप निकलने के साथ ही हलके बादल छाए रहने के आसार हैं। तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 : 59

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# सौरिख-तिर्वा में सड़क दुर्घटनाएं, 10 घायल

## एक्सप्रेस वे पर ट्रक पलटने की घटनाओं में तीन लोग घायल, ट्रक चालकों को झपकी आने के कारण दुर्घटना

संवाददाता सौरिख/तिर्वा,कन्नौज

**अमृत विचार।** सौरिख और तिर्वा क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चालक क्लीनर समेत 10 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पहली घटना में राजस्थान के हाजीपुर थाना नौगांव जिला अलवर निवासी चालक बाकर पुत्र रहीमुद्दीन अपने साथी जावेद पुत्र असलम निवासी नेपाल थाना किशनगढ़ जिला खैरथल राजस्थान के साथ अलवर से रिफाइंड तेल लाकर पटना के लिए निकला था। जैसे ही ट्रक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 142 पर पहुंचा तभी चालक को नींद आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर की जाली तोड़ते हुए पलट गया। इससे हाईवे पर रिफाइंड तेल फैल गया। घटना की सूचना पर पहुंचे यूपीडा सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार एवं उनके कर्मचारियों ने बचाव कार्य करते हुए हाईवे एंबुलेंस द्वारा चालक व क्लीनर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भर्ती कराया। हाइड्रा की मदद से ट्रक को सीधा कर रोड के किनारे लगवाया तथा रोड साफ कराया।


डिवाइडर की जाली तोड़कर पलटा पड़ा ट्रक। अमृत विचार

दूसरी घटना भी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चालक को झपकी आने से ही हुई। राजस्थान के जिला खैरतल के बड़ी मातोर निवासी इरफान पुत्र कमरू खान तथा परिचालक नरेश चौधरी के साथ बिहार से मक्का लादकर नारनौल हरियाणा के लिए जा रहा था। जैसे ही ट्रक सकरावा थाना क्षेत्र के किलोमीटर 140 प्लस के पास पहुंचा चालक को झपकी आ गई जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर दूसरी लाइन पर जाकर पलट गया। चालक इरफान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही यूपीडा अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और चालक व क्लीनर को बाहर निकाल कर हाईवे एंबुलेंस से सैफई मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। वहीं मक्का की बोरियां रोड पर चारों तरफ फैल गई जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। कर्मचारियों ने हाइड्रा बुलाकर ट्रक को सीधा कराया तथा रोड पर पड़ी बोरियों को एक साइड एकत्र कर यातायात बहाल कराया गया।

तीसरी घटना मंगलवार की शाम सौरिख में ही हुई। थाना क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गांव नगला चैनू निवासी राजकुमार पुत्र मोर सिंह (55) व मुकेश पुत्र उदयवीर (45) शाम को बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक टड़ा रायपुर नाले के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों लोग पुल से नाले में जा गिरे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में डॉक्टर ने दोनों घायलों राजकुमार व मुकेश को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### ट्रक के कट से कार क्षतिग्रस्त पांच घायल

■ **तिर्वा।** ट्रक का कट लगने से कार क्षतिग्रस्त के साथ सवार पांच लोग घायल हो गए। नई दिल्ली के थाना करावलनगर के हरिजन बस्ती पटेल विहार निवासी विजय प्रकाश पुत्र कैलाश राउत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई तीन जून की सुबह दिल्ली से बिहार सीतामढ़ी जा रहा था। साथ में उसके चार अन्य दोस्त भी थे। कार जैसे ही तिर्वा कोतवाली के गागेमऊ गांव के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने साइड मांगते हुए टक्कर मार दी। कार सवार पांचो लोग घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हाईवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

■ **गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक सवार युवक को हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की रात करीब नौ बजे मैनपुरी के थाना एलाऊ ग्राम नगला ध्रुव निवासी कौशल कुमार (22) पुत्र राम विरेश बाइक पर सवार होकर हाईवे से घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम तेराजाकेट स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंचा पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे युवक घायल हो गया। घायल युवक को हाईवे की एम्बुलेंस से नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसे डाक्टर ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया।


चोरी की घटना की जानकारी देता पीड़ित परिवार। अमृत विचार

# चोरों ने दो घरों से नकदी और जेवरात किए पार

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेखौफ चोरों ने दो घरों से हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

अनौगी चौकी की ग्राम पंचायत भवानीपुर अनौगी के मजरा धुख़री निवासी लकी शुक्ला पुत्र लाली शुक्ला व अतुल कुमार चतुर्वेदी पुत्र दिनेश चंद्र चतुर्वेदी के घर में मंगलवार की रात लगभग 01 बजे चोरों ने चोरी की। दोनों घरों में रखे बक्सों के ताले तोड़कर सोने व चांदी के आभूषण, जरूरी दस्तावेज ले गए। बदमाश एक घर की दीवार फांदकर घुसे तो दूसरे घर में छत के रास्ते घरों में प्रवेश किया।

परिजन जब सुबह सोकर उठे तो बक्से के ताले टूटे पड़े देख होश उड़ गए। आनन फानन में डायल 112 व जेल चौकी पुलिस को सूचना दी। पीड़ित लकी शुक्ला ने बताया कि बक्से में रखी दो अंगूठी, एक जोड़ी पायल, एक मंगलसूत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि सामान ले गए। जबकि पीड़ित अतुल कुमार चतुर्वेदी के यहां से दो अंगूठी सोने की, मंगलसूत्र, 5000 हजार रुपये, राशन कार्ड, जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए।

## एक नजर

### तलाक देकर घर से निकालने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासी शमां परवीन बेगम पत्नी मो. रियाज ने कहा है कि 27 मई की रात लगभग 09 बजे उसके पति, सास, ननद व देवर ने आपसी विवाद में उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पति ने तीन बार तलाक बोलकर उसे बच्चों के साथ बेघर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बच्चों के विवाद में महिला को मारपीट कर किया घायल

**सौरिख,कन्नौज।** बच्चों के बीच विवाद में महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। गांव नगला खरगाई निवासी पार्वती पत्नी लक्ष्मण कोरी ने बताया 31 मई की शाम उसके पड़ोसी लक्ष्मण कोरी पुत्र तुलाराम, ममता पत्नी लक्ष्मण तथा रवि पुत्र लक्ष्मण बच्चों के विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपी लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत किया है।

### उपनिबन्धक दफ्तर के ताले तोड़ कर चोरी का प्रयास

**छिबरामऊ।** उपनिबन्धक कार्यालय के चोरों ने ताले तोड़ दिये। पुलिस की भनक लगते ही वह छत से कूदकर फरार हो गये। रात में चोरों ने उपनिबन्धक कार्यालय में चोरी की घटना को अंजाम देने के लिये रेकी की। चोर मुख्य गेट के ताले तोड़कर अन्दर घुस गये। चोर घटना की फिराक में थे तभी पुलिस आ गई और चोर भाग गए।

# कृषि तकनीक अपनाने से बढ़ेगा फसलों का उत्पादन : डॉ.कनौजिया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के छठे दिन 13 वैज्ञानिकों ने 9 गांवों में जाकर किसानों को कृषि की महत्वपूर्ण तकनीकियों की जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र, कन्नौज के अध्यक्ष डॉ वी. के. कनौजिया ने बताया कि कानपुर के वैज्ञानिक डॉ एन. के. सिंह, डॉ. आर. के. सिंह, डॉ. अशोक परिहार, डॉ. सुजय आनंद, जगदीश स्वर्ण, डॉ. आदित्य प्रताप, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अमर सिंह, डॉ. सी. के. राय, डॉ. विनोद प्रकाश, डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह के अलावा कृषि विभाग के अधिकारियों व प्रसार कार्यकर्ताओं ने अपने विषयों से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम कन्नौज ब्लॉक के उदैतापुर, गुखरू, सुल्तानापुर, मियागंज, नेरा, बंसरामऊ, सारोंतोप, जलालपुर पंचमा एवं जलालपुर मे आयोजित किए गए।



किसानों को कृषि तकनीकियों की जानकारी देते वैज्ञानिक। अमृत विचार

● नौ गांवों में जाकर वैज्ञानिकों ने बताए खेती करने के वैज्ञानिक तरीके

डॉ.कनौजिया ने कार्यक्रम में किसानों को कार्बनिक पदार्थों के उपयोग, भूमि व जल के संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी। दलहन अनुसंधान संस्थान से आए हुए वैज्ञानिकों ने कृषकों को दलहन की उन्नत प्रजातियां उनकी उपयोगिता तथा तथा उत्पादन तकनीक की जनकारी के साथ जैव उर्वरकों के प्रयोग, रोग व कीट नियंत्रण तथा बीज उत्पादन की भी जानकारी दी। डॉ. अमर सिंह ने सब्जियों की खेती, डॉ अरविंद कुमार ने प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य के बारे में बताया।

# ऐसा ऑपरेशन किया कि आंख की रोशनी चली गई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● पीड़ित ने जिलाधिकारी से की निजी डॉक्टर की शिकायत

**अमृत विचार।** एक निजी अस्पताल के मालिक डॉक्टर ने पीड़ित व्यक्ति की आंख का ऑपरेशन किया। इससे उसकी रोशनी चली गई। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर डॉक्टर पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

गुरसहायगंज के आजादनगर मोहल्ला निवासी राजेश कुमार ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी एक आंख में लालिमा हो गई थी। जिसके इलाज के लिए 18 सितंबर 2024 को जीटी रोड स्थित एक नेत्र अस्पताल गया। वहां मौजूद डॉक्टर ने आंख चेक कर मोतियाबिंद के लक्षण बताते हुए आपरेशन की सलाह दी। इसके बाद 19 सितंबर को आपरेशन कर दिया। दो दिन बाद जब पट्टी खोली तो उसे कुछ दिखाई नहीं दिया। इस पर वह रो पड़ा। डॉक्टर से कहा तो उन्होंने 15 दिन की दवा देकर कहा कि आंख सही हो जाएगी, परेशान न हो। इसके बाद उसने चित्रकूट जाकर भी इलाज कराया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद डिप्टी सीएमओ से शिकायत की तो उन्होंने संबंधित पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्रवाई न होने पर वह दोबारा उनसे मिला तो उन्होंने डांट कर कुछ भी न होने की बात कही। पीड़ित ने डिप्टी सीएमओ पर उक्त डॉक्टर से साठगांठ कर जांच रिपोर्ट बदलने का आरोप लगाया। पीड़ित ने आंख का अन्यत्र इलाज कराने तथा संबंधित डॉक्टर पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।


आपबीती बताता राजेश।

## सार-संक्षेप


पानी कम होने की वजह से जगह-जगह रेत के टीले दिखने लगे हैं। अमृत विचार

### काली नदी में प्रवेश कर गंगा में हो रहा स्नान

**कन्नौज।** प्रचंड गर्मी में जलस्तर ज्यादा नीचे चला जाता है। गंगा में पानी कम हो जाता है तो अन्य कुछ नदियां सूख जाती हैं। कन्नौज जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर स्थित महादेवी घाट (मेहंदीघाट) पर श्रद्धालु स्नान करते हैं। यहां पर काली व गंगा नदी का संगम भी है। इन दिनों पानी कम होने की वजह से जगह-जगह रेत के टीले दिखने लगे हैं। साथ ही नाव का प्रयोग भी कम किया जा रहा है। काली नदी में घुसकर श्रद्धालु गंगा में प्रवेश कर स्नान कर रहे हैं। 5 जून को गंगा दशहरा है। कम जलस्तर होने के बाद भी अधिकारियों ने सावधानी से स्नान करने की अपील की है।



निशाना लगाती वंशिका पाल। अमृत विचार

### शूटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के लिए वंशिका का चयन

**कन्नौज।** जिले की रहने वाली वंशिका पाल का चयन प्रदेश स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शरीफापुर की रहने वाली वंशिका पाल पुत्री अनिल कुमार पाल ने नोएडा में 2 मई 2025 को आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में प्री स्टेट लेवल पर क्वालीफाई किया। अब वह प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। बता दें वंशिका बैडमिंटन में भी जिला टॉप करचुकी है। इससे पहले पुलिस लाइन में हुए खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सम्मानित किया था। जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में भी मेडल वर्तमान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा किया जा चुका है। वंशिका जूडो कराटे में भी ग्रीन बेल्ट है।

### ससुरालियों ने महिला को बांध कर पीटा

**तिर्वा, कन्नौज।** समझौता होने के बाद ससुराल ले जाकर महिला को बांध कर पीटा। मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के मुन्नालाल ने बताया कि 14 दिसंबर23 को उसने अपनी पुत्री प्रिया सिंह की शादी कोतवाली के टिकरा गांव निवासी दिलीप कुमार के साथ की थी। 25 सितंबर 24 को ससुरालियों ने उसकी पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया। 19 नवंबर को आपरेशन से पुत्री ने एक पुत्र को जन्म दिया। चार मई को पुत्री के ससुराली जन घर आए और समझौता करके उसे घर टिकरा ले गए। ससुराल ले जाकर 31 मई को पति दिलीप, मायादेवी, रामलडैते, अनीता ने पुत्री को बांध कर उसको बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया।

### लूट और डकैती के प्रयास में तीन साल दो माह की सजा

**कन्नौज।** लूट और डकैती के प्रयास के साथ ही पुलिस पर फायरिंग के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) इंद्रजीत सिंह ने जेल में बितायी अवधि की सजा सुनाई है। राहुल उर्फ शाकाल निवासी बैकुंठपुर, बिठूर पश्चिमी, कानपुर नगर पर 5 अप्रैल 2022 को दिन के पौने चार बजे लूट करने, डकैती के प्रयास के साथ पुलिस पर फायरिंग का आरोप था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की विवेचना एसआई रवींद्र कुमार मिश्रा ने की। न्यायाधीश ने दोष सिद्ध अभियुक्त को जेल में बिताये तीन साल एक महीना 29 दिन की सजा से दंडित किया।

लापरवाही | रामशंकर के बाद बदल चुके कई तहसीलदार, उसके बाद भी नहीं हटाया सूची से नाम


# अधिकारियों का तबादला होने के बाद भी सूची से नाम नहीं हटाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


**अमृत विचार।** डिजिटल युग में भी अपने जनपद की एनआईसी वेबसाइट अपडेट नहीं रहती है। अधिकारियों का गैरजनपद तबादला होने के बाद भी सूची से नाम नहीं हटाया गया है। जिन पीसीएस के पास तहसील का चार्ज नहीं है उनको उप जिलाधिकारी दिखाया जा रहा है।

इसके अलावा वेबसाइट पर अपलोड अधिकारियों के नाम व नंबर वाली पीडीएफ सूची भी पुरानी ही है। इसमें कन्नौज डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल (जो अब इटावा) व कन्नौज एसपी अमित कुमार आनंद (वर्तमान में अमरोहा) अब भी दर्ज हैं। अविनाश गौतम सदर कन्नौज तो उमाकांत तिवारी छिबरामऊ के एसडीएम अब भी चल रहे हैं। अविनाश गौतम कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हैं तो उमाकांत तिवारी तिर्वा न्यायिक एसडीएम हैं। कन्नौज में तहसीलदार रामशंकर को बताया जा रहा है जबकि उनको जिला छोड़े हुए 1 साल बीत रहा है। नायब तहसीलदार पद पर हिमांशु प्रभाकर की तैनाती कन्नौज में बताई जा रही है जबकि वह भी दूसरी तहसील में तैनात हैं। रायबरेली में तैनाती पाए एक साल होने के बाद भी जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी का नाम व मोबाइल नंबर सूची में लिखा है। सुनील कुमार सिंह भी जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) दर्ज हैं जबकि इन दोनों ही पदों पर वर्तमान में एसपी सिंह की तैनाती है। सदर बीडीओ अमित सिंह जो वर्तमान में शाहजहांपुर जनपद में तैनात हैं का नाम भी कागजों में चल रहा है। कई अन्य अधिकारी भी सूची में ऐसे हैं जिनका कार्यक्षेत्र बदल चुका है इसमें बीएसए उपासना रानी वर्मा, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की डायरेक्टर रचना अस्थाना, ईओ तिर्वा देवांशी दीक्षित, एआरएम रोडवेज सुदेश निगम के नाम शामिल हैं अब भी वेबसाइट के हिसाब से यहां तैनाती पाए हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्टार में नीलम चौधरी का नाम लिखा है जो यहां से बांदा के बाद सीतापुर में तैनाती पा चुकीं हैं। तहसीलदार अभिनव वर्मा की तैनाती कन्नौज में है लेकिन वेबसाइट में छिबरामऊ दिखा रहा है।

● सदर में अविनाश गौतम तो छिबरामऊ में उमाकांत तिवारी अब भी एसडीएम



वेबसाइट में कन्नौज में अविनाश गौतम एसडीएम व रामशंकर अब भी हैं तहसीलदार।



| अधिकारी का नाम व पद | Mobile number | Phone Nomber office | Residence |
| --- | --- | --- | --- |
| श्री शुभ्रान्त कुमार शुक्ल मा० जिलाधिकारी, कन्नौज | 9454417555 | 9936335474 | 8738825119 fax- 235466 |
| श्री अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक [illegible] स्टेनो एसपी० कन्नौज एसपी० आफिस [illegible] पुलिस लाइन | 9454400287 9454457936 9454402456 9454402376 | श्री अरविन्द कुमार एएसपी० | 9454401080 |
| राजस्व विभाग | | | |
| श्री [illegible] कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वि/रा) | 9454417626 | | |
| श्री अविनाश कुमार गौतम उप जिलाधिकारी कन्नौज | 9454416467 | श्री रामशंकर तहसीलदार सदर<br>श्री हिमांशु प्रभाकर ना० तहसील सदर | 9454416470 9119941876 9415108638 9717822657 |
| श्री उमाकान्त तिवारी उप जिलाधिकारी,छिबरामऊ | 9454416468 8090623575 | श्री अभिनव वर्मा तहसीलदार छिब<br>श्री [illegible] ना०तहसीलदार छिब | 9454416471 9936288916 |
| श्री अशोक कुमार उपजिलाधिकारी, तिर्वा | 9454416469 | श्री [illegible] कुमार तहसीलदार तिर्वा<br>श्री [illegible] ना० तहसीलदार तिर्वा | 9454416472 9415108638 |
| श्री [illegible] सिंह डिप्टी कलेक्टर<br>श्री [illegible] राय डिप्टी कलेक्टर | 9756707303 8869983615 | श्री [illegible] अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन | 9450619543 |
| श्री विनीत कटियार,एसडीओ पंचा० | 9415092653 8765984136 | श्री [illegible] खान निरीक्षक | 8887534833 [illegible] |

संपर्क सूची में लिखे पुराने अधिकारियों के नाम। अमृत विचार

# पति सहित चार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में कमी बताकर ससुरालियों ने विवाहिता का उत्पीड़न किया। इसके बाद कार की मांग कर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की और धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ठठिया के ग्राम ठठिया निवासी रोशनी पुत्री शराफत ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी मेराज के साथ अक्टूबर 2024 को मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद पति मेराज, ससुर वकील, सास रेशमा बेगम, ननद शमा ने दहेज में कार की मांग कर उसको प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 31 मई की रात लगभग 10 बजे पति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

# सिंचाई विभाग में 17 पद समाप्त किए जाने पर किया प्रदर्शन

## सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संगठन ने ज्ञापन एसडीएम को दिया

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कर्मचारी नेता । अमृत विचार

- दर्जनों की संख्या में कर्मचारी बाइकों पर सवार होकर आए
- नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया

अमृत विचार। सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कर्मचारी बाइको पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर रजनीकांत पांडे को दिया है ।

अध्यक्ष ने कहा कि सिंचाई विभाग के जिलेदार मुंशी सींचपाल जैसे पदों की संख्या में कटौती की जा रही है। इसी तरह नलकूप चालक के साथ-साथ मिस्त्री ड्राइवर पदों को समाप्त किए जाने के शासनादेश को लेकर रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि 20 और 21 जून को काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि 28 जून को प्रदेश के समस्त कार्यालय में भोजन अवकाश के साथ गेट मीटिंग की जाएगी । यदि मांगों को सरकार ने नहीं माना तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रमोद कुमार, श्री राम, महेंद्र प्रताप, दीपक, रवि शर्मा, संजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नवीन कुमार गंगवार, मनोज यादव, रमेश चंद्र, वीरभान सिंह, आदि लोग मौजूद रहे ।

# श्रेया ने प्रतिभा का लोहा मनवाया

फर्रुखाबाद । श्रेया ने सीसैट में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

उसने हाईस्कूल की परीक्षा में 94% और इंटरमीडिएट में 88% अंक प्राप्त कर उसने शिक्षा की मजबूत नींव रखी। साल 2021 में जब उसके पिता डॉक्टर कृष्णकांत श्रीवास्तव का कोविड महामारी के दौरान असमय निधन हो गया तब पूरा परिवार टूट गया। लेकिन इस होनहार बेटी ने हार नहीं मानी विषम परिस्थितियों में भी उसने अपने सपनों के लिए अथक परिश्रम जारी रखा। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीबीए कोर्स में 83% अंकों के साथ टॉप किया। प्रतिष्ठित कॉमन एडमिशन टेस्ट 2024 में सफलता प्राप्त कर पूरे परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया अब वह देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम इंदौर में एमबीए की पढ़ाई करेगी। इस कठिन यात्रा में मामा रत्नेश श्रीवास्तव ने उसे अपने पास रखकर हर मोड़ पर उसका हौसला भी बढ़ाया।

# सांसद ने मरीजों को रेफर करने पर जताई नाराजगी

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

- स्वास्थ्य मिशन की बैठक में सांसद मुकेश राजपूत पहुंचे
- जिले में गिरती स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में चर्चा की गई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिले में गिरती स्वास्थ्य सेवाओं के विषय मे चर्चा की गई, सांसद द्वारा जनपद में स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट को चालू कराने के निर्देश दिये, अस्पतालों में ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर व जम्बो जेट सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए हैं । लिजीगंज व वरौंन में ओटी को कार्यशील करने के लिये सीएमओ को निर्देशित किया, सीएचसी व पीएचसी से मरीजों को रेफर करने पर नाराजगी जताई। संकिसा पीएचसी की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिये। सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि शव वाहनों को कार्यशील कर गरीबों को उपलब्ध कराये व मूवमेंट का विवरण उपलब्ध कराये, मोबाइल मेडिकल यूनिट को कार्यशील रखे, लोहिया अस्पताल में ऑडियो सहित सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश, कोविड की जांच शुरू कराने व सभी वेंटिलेटर सही कराने के लिये निर्देशित किया गया, लोहिया अस्पताल में गार्डों की नियुक्ति में देरी पर नाराजगी जताई व जल्द नियुक्ति करने के निर्देश दिए,लोहिया महिला अस्पताल को पुरुष अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट से कनेक्ट करने के लिये निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा दायित्वों का निर्वाह न करने वालों पर कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया।

## सार-संक्षेप

### 660 सैनिक पासिंग आउट परेड के बाद सेना में शामिल

**फर्रुखाबाद।** सिखलाई इन्फेंट्री बटालियन के 660 सैनिक देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर तैनात होंगे। राजपूत रेजीमेंट के ब्रिगेडियर मनीष जैन ने गार्ड ऑफ ऑनर लिया और सेना के अधिकारियों को देश हित में शपथ दिलाई। सिखलाई इन्फेंट्री बटालियन में सैनिकों को सीमा पर लड़ने के लिए तैयार किया गया है। देश की सुरक्षा में अब ये अहम भूमिका निभाएंगे। ब्रिगेडियर मनीष जैन ने सैनिकों को देश के लिए कर्तव्यों को याद दिलाया । कदम से कदम मिलाकर चल रहे यह सैनिक देश को आगे ले जाने में सक्षम हैं और देश सुरक्षा की गारंटी ले रहे हैं। देश भक्ति के गीतों पर कदम से कदम मिलाते हुए सैनिक भारतीय सेना का हिस्सा बने।

### बाइक में कार की टक्कर से दो घायल

**फर्रुखाबाद ।** बहन और भांजे को बाइक से लेकर छिबरामऊ जा रहे युवक की बाइक में कार ने टक्कर मार दी । हादसे में युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया और भांजे के पैर की हड्डी टूट गयी। प्राप्त विवरण के अनुसार मनीष राठौर अपनी बाइक से अपनी बहन और भांजे को लेकर भोलेपुर से छिबरामऊ के लिए जा रहे थे। जेल चौराहा के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से मनीष के काफी चोट आई। उसके भांजे आदित्य का पैर टूट गया है। घटना पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर मारने वाली गाड़ी महिंद्रा शोरूम एजेंसी मालिक की है। मनीष राठौर ने फतेहगढ़ कोतवाली में पहुंचकर मुक़दमा दर्ज कराया है।

### श्रीराम की शिक्षा-दीक्षा के प्रसंग का किया वर्णन

**जालौन।** क्षेत्रीय ग्राम कैंथ स्थित खेरेश्वर हनुमान एवं शंकर मंदिर परिसर में चल रहे 11 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ और साप्ताहिक रामकथा महोत्सव के तीसरे दिन रामकथा वाचक अनुज महाराज ने कथा का वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के बाल्यकाल, गुरु वशिष्ठ द्वारा शिक्षा दीक्षा और उनके धर्मनिष्ठ जीवन के प्रारंभिक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।रामकथा वाचक अनुज महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा, सेवा और सत्य का प्रतीक है। उनके चरित्र से हमें यह सीख मिलती है कि व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संयम नहीं खोना चाहिए। उन्होंने बालकांड का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने अपने भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की और फिर यज्ञ रक्षा के लिए महर्षि विश्वामित्र के साथ वनगमन किया। इस दौरान उन्होंने ताड़का वध कर धर्म की रक्षा की। कहा कि आज के समय में हमें श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन में संयम, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा की भावना को अपनाना चाहिए।

### जेईई एडवांस में सिद्धार्थ को मिली सफलता

**जालौन।** नगर के मोहल्ला खंडेराव निवासी राधामोहन शुक्ला के बेटे सिद्धार्थ शुक्ला को जेईई में सफलता मिली है। शुरू से ही मेधावी रहे सिद्धार्थ ने हाईस्कूल की परीक्षा 97 .2 प्रतिशत अंकों के साथ पास की थी। तो इंटरमीडिएट 97 .4 प्रतिशत आए थे।

उनकी मां कंचन शुक्ला ग्रहणी हैं।और उनके पिता कृषि से जुड़े हुए है। सिद्धार्थ ने बताया कि उन्होंने सात से आठ घंटे रोजाना पढ़ाई की लेकिन पढ़ाई का समय तय नहीं किया। अधिकांश पढ़ाई रात के वक्त की। सिद्धार्थ के अनुसार, उसने मोबाइल से ज्यादा किताबों से पढ़ाई की। बताया कि वह इंजीनियर कर नई टेक्नोलॉजी से देश की सेवा करना चाहता है। उसकी दादी शिक्षक थीं और दादा कृषक, घर के सभी परिजनों ने मिठाई खिलाकर माला पहनाकर स्वागत किया।

### लेखपालों की बैठक में बाढ़ से बचाव के निर्देश

**कालपी।** तहसीलदार अभिनव कुमार की अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक हुई। बैठक में बाढ़ से बचाव के उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। तहसील सभागार कालपी में नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने कहा कि किसान पंजीकरण के कार्य को गतिशीलता से पूरा किया जाये। लंबित वादों में कुरा बंटवारा की रिपोर्ट संम्बंधित न्यायालय में निर्धारित अवधि के अंदर सभी लेखपाल प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार ने कहा कि शासन की योजनाओं का गांव गांव में क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कुमार, लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेंद्र निरंजन, विद्यासागर, अमित कुशवाहा, शिव मंगल पाठक, जयवीर सिंह बघेल, शशांक विश्वकर्मा, एसके महान अशोक पांडेय खान शैलेंद्र कुमार आदि कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### सड़क हादसे में मौत के मामले में चालक के खिलाफ रिपोर्ट

कालपी। चार दिन पहले जोल्हूपुर मोड़ कदौरा रोड में बरही बम्बा में अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसमें चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।ग्राम लमसर निवासी गौरी पुत्र हल्के की मौत हो गयी थी। मृतक के पुत्र अजय की तहरीर पर मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त मामले की उपनिरीक्षक राजेश कुमार द्वारा बिबेचना शुरू कर दी गई है

### एसडीएम से बताई पेयजल की समस्या

**जालौन।** भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे मोहल्ला कछोरन और तोपखाना के निवासी पेयजल संकट के चलते परेशान हैं। इलाके में लगे अधिकांश सरकारी हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, वहीं एक मात्र सरकारी नलकूप भी बार–बार खराब हो जाता है। पानी की सप्लाई रुक जाने से स्थानीय लोग विशेषकर महिलाएं और बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इसी समस्या को लेकर अधिवक्ता ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

एसडीएम विनय कुमार मौर्य को सौंपे गए शिकायती पत्र में अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव ने बताया कि मोहल्ला कछोरन व तोपखाना क्षेत्र में गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ गई है, लेकिन इसके विपरीत वहां की जल व्यवस्था चरमरा गई है। क्षेत्र में लगे अधिकतर सरकारी हैंडपंप या तो खराब हैं या बेहद कम पानी दे रहे हैं। ऐसे में लोगों को आसपास के मोहल्लों में जाकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी नलकूप से कई मोहल्लों की जलापूर्ति होती है, लेकिन वह भी आए दिन खराब हो जाता है, जिससे जल संकट और गहरा जाता है। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए और नलकूप की तकनीकी खामी को तत्काल ठीक कराया जाए ताकि लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना न पड़े। इस मौके पर कई लोद मौजूद रहे।

### जनपद में 118 करोड़ की लागत से कराए जा रहे कार्य

**फर्रुखाबाद।** जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आरडीएसएस के अंतर्गत 118 करोड़ रुपए की लागत से कराये गये कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि जनपद में 118 करोड़ की लागत से आरडीएसएस के कार्य कराये जा रहे हैं। खरा में बन रहे 400 केवी के विद्युत केंद्र के बन जाने से सप्लाई व वोल्टेज की समस्या दूर होगी। सांसद जी द्वारा निर्देशित किया कि ट्यूबबेल व ग्रामीण फीडरों को अलग अलग करें। जो फीडर सैपरेशन के जो कार्य छूट गए हैं उनको स्वीकृत कराएं, गांवों में फुके ट्रांफार्मर जल्द बदलवाएं। क्षमता वृद्धि के आकलन तैयार कराएं। सांसद जी द्वारा नगर पंचायत दर्जा प्राप्त संकिसा व नवावगंज में 22 घंटे आपूर्ति न होने पर नाराजगी जताई गई। अचरा कायमगंज मार्ग पर पोल शिफ्टिंग में देरी पर नाराजगी जताई।

# ओमकार शुक्ला को बनाया सपा महानगर उपाध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**



ओमकार शुक्ला को मिला मनोनयन पत्र।

**अमृत विचार।** बुधवार को समाजवादी पार्टी महानगर की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के आवास बजरिया सालिगराम में सम्पन्न हुई। महानगर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी से कहा किया कि अब 2027 के चुनाव में समय नहीं रह गया है, कमर कस लें सभी कार्यकर्ता।

हम सबको हर कीमत पर 2027 में पूर्ण बहुमत से अखिलेश यादव को मजबूत करके मुख्यमंत्री बनाना है। महानगर समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने के लिए ही ओमकार शुक्ला को महानगर अध्यक्ष ने महानगर का उपाध्यक्ष इस आशा से मनोनीत किया कि वह पार्टी को मजबूत करेंगे । नवनियुक्त उपाध्यक्ष ओमकार शुक्ला ने कहा जो जिम्मेदारी महानगर अध्यक्ष ने मुझे दी है उसका निर्वहन मैं पूर्ण ईमानदारी से करूंगा और महानगर में समाजवादी पार्टी को और मजबूत करूंगा।

बैठक में खुर्शीद खां, अमित यादव उर्फ गोल्डी, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, कुलदीप भारद्वाज, हरिओम सकसेना, ऋषि अवस्थी, उरूज खान, आदित्य मिश्रा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# व्यापारी नेता को मध्य निषेध परिषद का उपाध्यक्ष बनाया

**कायमगंज ।** कायमगंज में प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम के नेतृत्व में व्यापार संगठन के पदाधिकारी व व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला को मध्य निषेध परिषद में उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ) बनाए जाने पर एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाया ।

इस मौके पर उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, जिला महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी, नगर अध्यक्ष पिंटू यादव, कन्हैया लाल, किराना कमेटी जिला अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, जेहान अहमद खान, नरेश शर्मा, मंगल गंगवार, संगम शाक्य, मनीष अरोड़ा, संजय शाक्य आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पिकअप की टक्कर से मोमोज का ठेला पलटा, बिखरा सामान

**संवाददाता अमृतपुर**



ठेला पलटने से बिखरा सामान।।

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। तेज रफ्तार वाहनों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

कायमगंज से जरियनपुर की तरफ जा रही पिकअप ने अमृतपुर तहसील के पास मुख्य मार्ग पर 13 वर्षीय सनी सक्सेना निवासी नगलाहूशा अपने 9 वर्षीय भाई के साथ ठेली लेकर दुकान लगाने जा रहा था। पिकअप की टक्कर लगने से ठेला गहरे गड्ढे में जाकर गिरने से उस पर रखा सामान चारों तरफ बिखर गया । कायमगंज से जरियनपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने ठेली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई घायल हो गए व उनकी ठेली पर रखा हुआ सामान जिसमें मोमोज फिंगर छोटा गैस सिलेंडर तवा चटनी व अन्य सामान बिखर कर सड़क किनारे खंती में फैल गया।

टक्कर लगते ही ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे तब तक चालक पिकअप लेकर वहां से फरार हो गया। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी का पीछा करके चालक को पिकअप सहित राजेपुर कस्बे से पकड़ लिया और उसे थाने ले आए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया यह मासूम बच्चे अपने पिता के गुजर जाने के बाद इसी ठेली के सहारे परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत, तीन झुलसे

**संवाददाता, कोंच (जालौन)**



सीएचसी के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़ ।

**अमृत विचार।** छानी मौजा में स्थित एक खेत में लाइनमैन के साथ मिलकर खराब हुई बिजली लाइन ठीक करा रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि करंट की चपेट में आए तीन अन्य मजदूर भी झुलस गए।

कोतवाली क्षेत्र के मौजा छानी में पचीपुरा कलां गांव के रहने वाले किसान संजय सिंह (32) पुत्र कुंदन पटेल के खेत में ट्यूबवेल का कनेक्शन है। ट्यूबवेल की बिजली लाइन में खराबी आने के चलते संजय ने मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे लाइनमैन सूरज सिंह को बुलाया। बताया जा रहा है कि लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर जालौन फीडर की नलकूप बिजली लाइन का शटडाउन लेकर खराब लाइन सही करने लगा। लाइनमैन ऊपर चढ़ा हुआ था जबकि नीचे संजय व मजदूर कल्लू पुत्र काशीराम निवासी पचीपुरा, भजन पुत्र किशोरी निवासी टीकमगढ़ और अनिल पुत्र दुलीचंद्र निवासी भेंड़ नीचे खड़े होकर लाइन पकड़े थे। इसी दौरान नलकूप फीडर की लाइन के ठीक ऊपर से जालौन ग्रामीण फीडर की निकली हाईटेंशन लाइन नलकूप फीडर की लाइन से चिपक गई जिससे हाई वोल्टेज करंट उसमें आ जाने से संजय व तीनों मजदूर झुलस गए। हादसे में संजय की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाल विजय कुमार पांडे और भेंड़ चौकी इंचार्ज सुशील कुमार ने कल्लू और भजन को सीएचसी कोंच में भर्ती कराया जबकि अनिल को भेंड़ के ही एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। फिलहाल उक्त तीनों की हालत में सुधार होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# निर्माणाधीन पेट्रोल पंप से सरिया चोरी

**कालपी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई में निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प से रात में सरिया चोरी करने के मामले की घटना को लेकर पीड़ित के द्वारा अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त प्रकरण को लेकर वादी मंगल सिंह पुत्र स्व छोटे लाल निवासी ग्राम सिहुरा थाना देवराहट जिला कानपुर देहात ने कोतवाली कालपी में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी का इंडियन आयल कम्पनी का पेट्रोल पम्प जोल्हुपुर मोड़ - मदारीपुर मार्ग के ग्राम बैर ई के पास निर्माणाधीन है। पेट्रोल पम्प की चौकीदारी कढ़ोरे पुत्र रामेश्वर पाल निवासी ग्राम इमिलिया खुर्द कालपी करता है। दिनांक 3-6-2028 की रात में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा करीब 18 कुंटल सरिया चोरी कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज होने का बाद इस मामले की विवेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा द्वारा की जा रही है।

# साइबर ठगी के सात आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता जालौन**

**अमृत विचार।** साइबर थाना और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन गेम एप के जरिए साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा किया है।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी क्रिकबज, फेयरप्ले, लोटस जैसे ऑनलाइन गेम एप के नाम पर लोगों को दोगुना पैसा दिलाने का झांसा देते थे। यह गैंग लोगों से उनके आधार कार्ड और फोटो लेकर फर्जी बैंक खाते खुलवाता था। फिर उन्हीं खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम जमा करवाई जाती थी। आरोपी खुद को अलग-अलग नामों से पहचान छिपाकर काम करते थे और एक ही जगह पर ज्यादा दिन नहीं रुकते थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि इन आरोपियों से जुड़े बैंक खातों से संबंधित शिकायतें एनसीसीआरपी पोर्टल पर महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से प्राप्त हुई हैं। कुल 35 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज हैं।गिरफ्तार शातिरों की पहचान में विश्वजीत दांगी, निवासी दतिया (मध्य प्रदेश),कपिल सेन, निवासी दतिया (मध्य प्रदेश),दीपक बघेल उर्फ दीपू, निवासी झांसी, उपहार श्रीवास्तव, निवासी मैनपुरी, सुनील जादौन, निवासी आगरा, हर्ष गुप्ता, निवासी आगरा, धर्मेंद्र सिंह जादौन, निवासी भरतपुर (राजस्थान) शामिल है। फिलहाल इन सभी का आपराधिक इतिहास की जानकारी आस पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों और राज्यों सें की जा रही है। एसपी नें कहा कि यह कार्रवाई साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**बैठक** जिलाधिकारी ने सड़कों पर नमाज न पढ़ने, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं देने के निर्देश दिए

# त्योहारों पर नई परंपराओं को शुरू करने पर रोकें :डीएम

**कार्यालय संवाददाता, उरई**





पीस कमेटी की बैठक करते जिलाधकारी राजेश कुमार पांडेय।

अमृत विचार। गंगा दशहरा, बकरीद सहित आगामी पर्वों को लेकर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। डीएम ने जालौन की शांतिप्रिय धरती की सराहना करते हुए जिम्मेदारों से कहा कि वे त्योहारों में नई परंपराओं को शुरू होने से रोकें।

बैठक में डीएम ने कहा कि सड़कों पर नमाज न पढ़ें और न ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी की जाए। कहा कि सोशल मीडिया पर कोई अफवाह न फैलाएं, न ही अफवाहों के प्रभाव में आएं। अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीपीआरओ और अधिशासी अधिकारियों को ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधीक्षण अभियंता विद्युत को रोस्टरवार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने परस्पर भाईचारे के साथ आगामी पर्वों को मनाने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक खबर/अफवाह न फैलाएं और न ही ऐसी खबरों के प्रभाव में आएं। कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अथवा भ्रामक खबर पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तय है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। इससे पूर्व दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जनों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी अपनी बात को रखा। इस दौरान सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम संजय कुमार, एडीएम न्यायिक प्रेमचंद, एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने किया मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कालेज का बुधवार को निरीक्षण किया। ओपीडी, इमरजेंसी, बालरोग व अन्य वार्ड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों से मरीजों के इलाज तथा इस समय किस रोग के मरीज अधिक आ रहे है इसके संबंध में जानकारी ली। भर्ती वार्ड में सभी मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण कराने की तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। परिसर में मौजूद मरीजों से बात करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सुविधाओं का फीड बैक प्राप्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि बाहर की दवाई न लिखी जाए। इस अवसर पर सीएमएस प्रशांत निरंजन व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# एसडीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**संवाददाता, कालपी**



सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

- गर्मी से पीड़ित रोगियों का तत्परता से उपचार के निर्देश
- सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली


अमृत विचार। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गर्मी से पीड़ित रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

जिला प्रशासन के निर्देश पर दोपहर को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे उपजिलाधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल जाने। रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजों को परेशान नहीं किया जाए व मरीजों की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चैन में वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखा। एसडीएम ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता, चिकित्साधिकारी डॉक्टर अशोक चक, डॉ. रूबी सिंह, डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपाल द्विवेदी आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों से एसडीएम ने सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली।

# चकरनगर ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**34** क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने डीएम से मिलकर की कार्रवाई की मांग



अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने जाते क्षेत्र पंचायत के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** चकरनगर ब्लॉक प्रमुख राधा देवी उर्फ राधा कुमारी पत्नी राकेश सिंह के खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास जताया है। 44 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से 34 ने जिलाधिकारी को शपथपत्र के साथ एक प्रार्थनापत्र सौंपते हुए ब्लॉक प्रमुख पर गंभीर आरोप लगाते हुए अविश्वास जताया है और उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की अनुमति मांगी है। जिला अधिकारी ने सदस्यों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल को दिए शपथपत्र में क्षेत्र पंचायत के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि ब्लॉक प्रमुख राधा देवी क्षेत्र पंचायत के कार्यों का सही तरीके से संचालन नहीं कर पा रही हैं। क्षेत्र में जनता पर आई आपदा में प्रमुख ने लोगों की मदद नहीं की, जिससे लोगों को आर्थिक लाभ नहीं मिल सका। क्षेत्र में पेयजल का संकट होने के बाद भी उन्होंने पेयजल की व्यवस्था के सम्बंध में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की। अधिकांश हैंडपम्प खराब पड़े हैं। कई बार अनुरोध करने के बाद भी क्षेत्र में नाली-खंरजा सम्पर्क मार्ग बनाने के काम नहीं किए गए। ब्लॉक प्रमुख पति की दबंगई के कारण लोग मुंह नहीं खोल सकते। उनका क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन पर यह भी आरोप है कि सदस्यों को ब्लॉक स्तर की मीटिंग में नहीं बुलाया जाता है फर्जी हस्ताक्षर करके कार्रवाई पूरी कर ली जाती है। भोली भाली जनता कोगुमराह कर कालोनी के नाम पर कमीशन वसूला जाता है। इस संबंध में हस्ताक्षरित पत्र में बीडीसी सदस्यों ने यह स्पष्ट किया है कि उन्होंने यह कदम सामूहिक सहमति से उठाया है। इस दौरान सदस्यों ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द पंचायत की बैठक बुलाकर अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय लेने की मांग की।

दस्तावेज में संबंधित सदस्यों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान भी दर्ज हैं। अविश्वास प्रस्ताव लाने वालों में प्रमुख रूप से जतेंद्र सिंह, कविता देवी, विमला, लाल सिंह, प्रवेशकुमार, प्रमोद कुमार, राम कुमारी, भूपेंद्र सिंह शिव प्रताप, सतेंद्र सिंह के साथ कुल 34 क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल रहे।

# जल सैनिकों ने यमुना घाट पर चलाया सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, इटावा



यमुना तट पर सफाई अभियान चलाते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार । जल संरक्षक निर्मल सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर धूपपापेश्वर शंकर आश्रम यमुना घाट पर यमुना प्रदूषण मुक्त बनाओ, यमुना बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल सैनिकों ने श्रमदान करते हुए यमुना घाट पर कूड़ा कचरा पॉलीथीन आदि उठाकर स्वच्छता अभियान चलाया और यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ ली।

जल संरक्षक निर्मल सिंह के आवाह्न पर कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने एकजुटता दिखाते हुए पर्यावरण दिवस मनाया। इसमें नेचर कन्जर्वेशन एण्ड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी, अमर शहीद अवंती बाई शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति, अनिल मेमोरियल ट्रस्ट, एहसास संस्था, बच्चन लाल ज्ञानवती देवी ट्रस्ट, प्रेम देवी शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति सहित कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। सभी ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण एवं यमुना के घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाने पर सहमति जताई। आचार्य जगत सिंह राजपूत ने कहा कि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर हमेशा अपना योगदान देते रहेंगे। एहसास संस्था के महासचिव राघवेंद्र अवस्थी ने मजबूत इरादों के साथ 25 वर्षों से जल और पर्यावरण बचाने के लिए निर्मल सिंह का आभार प्रकट किया। अनिल मेमोरियल ट्रस्ट के कोऑर्डिनेटर वेद प्रकाश ने कहा कि प्लास्टिक की वस्तुओं का कम से कम उपयोग करना चाहिए।

# डिवाइडर से टकराई कार, युवक की मौत, मां-बाप, भाई घायल

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चैनल नंबर 116 के पास हुआ हादसा

संवाददाता, बसरेहर



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार व वहां मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चैनल नंबर 116 पर गांव अगुपुर गोपालपुर के सामने रात करीब ढाई बजे आगरा से लखनऊ की ओर जा रही एक कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई भेजा गया। जहां कार चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि युवक के मां-बाप व भाई को भर्ती कर लिया गया। बताया जा रहा है चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है। नोएडा निवासी परिवार लखनऊ जा रहा था।

कार सवार जीएसटी इंस्पेक्टर मुकेश शर्मा पुत्र नंदलाल शर्मा निवासी सेक्टर 34 नोएडा अपनी पत्नी सोनम शर्मा तथा दो बेटे आयुष और अक्षत के साथ नोएडा से किसी काम से लखनऊ जा रहे थे। कार छोटा बेटा अक्षत चला रहा था। मुकेश शर्मा और उनकी पत्नी पीछे बैठे थे जबकि आयुष चालक की बगल वाली सीट पर बैठा था। जैसे ही कार चैनल नंबर 116 पर पहुंची अचानक अक्षत कुमार को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें चारों लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मौके से गुजर रहे राहगीरों ने यूपीडा के अधिकारियों सहित पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को एंबुलेंस से पीजीआई सैफई इलाज हेतु भिजवाया वहीं कार को एक्सप्रेसवे से हटाकर चौपला कट पॉइंट पर पहुंचाया और यातायात समान रूप से चालू कराया गया। वहीं सैफई पीजीआई में आयुष कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। एसओ चौबिया विपिन मलिक ने बताया कि कार हादसे में पति-पत्नी व दो बेटे घायल हुए थे। जिसमें कार चला रहे बेटे आयुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए दिया। सूचना पर घायलों के परिजन मौके पर पहुंच गए।

### महिला की सड़क हादसे में चली गई जान

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टिक्सी मंदिर के पास मायके से अपने ससुराल लौट रही महिला की तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूफ थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी ब्रह्मवती (52) पत्नी रामस्वरूप मैनपुरी जिले के बरनाहल थाना क्षेत्र के नगला भूपाल गांव में अपने मायके आई हुई थी। वह अपने ससुराल लौटने के लिए इटावा पहुंचीं और टिक्सी मंदिर के पास भिंड की ओर जाने वाले सवारी वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को मौके पर मौजूद ऑटो चालक ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई सैफई रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक गंभीर घायल की चिंताजनक हालत देखते हुए सैफई पीजीआई के लिए रेफर किया गया।

बुधवार को क्षेत्र के ग्राम फुलरई निवासी विजय कुमार पुत्र दिनेश बाबू अपने चार माह के बेटे सक्षम का अस्पताल में टीकाकरण कराके बाइक से अपनी मां रमाकांती (50) वर्ष और अपनी पत्नी अंजलि उम्र (23) के साथ घर वापस जा रहे थे जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम भावलपुर के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे 112 पुलिस के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार मौर्य, चालक संत कुमार, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने तुरंत ही अपनी गाड़ी से चारों घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज जारी है। दूसरी सड़क दुर्घटना हाईवे पर तहसील कट के पास हुई। यहां ई-रिक्शा के चालक भगवान दास पुत्र चंद्रभान बघेल निवासी कैस्त और ई रिक्शा में बैठे विकास कुमार पुत्र रजनीश कुमार निवासी कैस्त को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने विकास को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टरों ने सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया।

### आटो व बाइक की भिड़ंत दो लोग घायल

**महेवा ।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा महेवा में सिद्धनाथ मंदिर के पास बंबा की पुलिया के निकट ऑटो व बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार शिक्षक सहित दो लोग घायल हो गए। इनमें एक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम निवाड़ीखुर्द निवासी शिक्षक अजय कुमार तिवारी एवं राहुल पुत्र रामप्रकाश बाइक से महेवा से गांव जा रहे थे उधर से आ रहे ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी, इससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। जिन्हें चौकी पुलिस ने सीएचसी महेवा में भर्ती कराया। इसमें राहुल का पैर फैक्चर हो गया, गंभीर रूप से घायल राहुल को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## सार-संक्षेप



रेस्टोरेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते बदायूं सांसद अंकुर यादव। अमृत विचार

### सांसद ने लिटिल शैफ रेस्टोरेंट एंड कैफे का किया उद्घाटन

**इटावा।** आईटीआई चौराहा स्थित लिटिल शैफ रेस्टोरेंट एंड कैफे का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के बदायूं सांसद अंकुर यादव ने फीता काटकर किया। रेस्टोरेंट एंड कैफे के संचालक एवं सपा के जिला कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव के पुत्र रजत यादव व अभिजीत यादव के साथ पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह यादव ब्रजेन्द्र यादव व नृपेंद्र यादव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम सेवक यादव सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य उर्फ बबलू जिला महामंत्री वीरभान सिंह उर्फ वीरू भदौरिया, सर्वेश शाक्य, लाखन सिंह जाटव, उदयभान सिंह यादव, ब्रजवीर यादव, नफीसुल अंसारी रामनाथ यादव, डॉ. अखिलेश यादव, अनवार हुसैन के अलावा समाजवादी पार्टी के नेता सहित रेस्टोरेंट संचालक के परिजन उपस्थित रहे। रेस्टोरेंट एंड कैफे के संचालक रजत यादव व अभिजीत यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मारपीट में तीन लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिरमानी में मारपीट की घटना में अंकित 12 वर्ष पुत्र नेकराम निवासी ग्राम हिरमानी घायल हो गया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत दतावली के पास मारपीट में अभीष 37 वर्ष पुत्र भंवर सिंह निवासी दतावली घायल हो गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटना में लक्ष्मी 26 वर्ष पत्नी शिव कुमार निवासी राहतपुरा कालोनी घायल हो गई।

### महिला ने लगाई फांसी, भर्ती

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी बीना 25 वर्ष पत्नी ब्रह्मा कुशवाहा ने किसी बात पर नाराज होकर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। लेकिन जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने उसे फंदे से उतार लिया। हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**इटावा।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुतियानी में किसी बात से नाराज होकर मनमोहन सिंह 23 वर्ष पुत्र शिशुपाल सिंह यादव निवासी सुतियानी ऊसराहार ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मुख्यालय में पंचनामा भटकर पोस्टमार्टम कराया।

### लेखपाल ने बना दिया आय से अधिक का प्रमाण पत्र

**इटावा।** विकलांग रंजू कुमारी ने अपने पति महेन्द्र बाबू निवासी शेखुपुर जखौली इकदिल ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि लेखपाल ने उनका 48 हजार रुपये का आय प्रमाण पत्र बना दिया जिसे निरस्त किया जाए। विकलांग दंपति रंजू कुमारी ने कहा है कि वह विकलांग महिला हैं तथा उसका पति महेंद्र बाबू भी विकलांग है। लेखपाल राजवीर सिंह ने दोनों का 48 हजार रुपये का आय प्रमाण पत्र बना दिया है। जबकि वह व उसके पति के विकलांग होने के कारण कोई काम धन्धा नहीं कर पाती है। जांच करके उसकी व उसके पति के नाम से जारी आय प्रमाण पत्र निरस्त किया जाए। पति की विकलांग पेंशन ही परिवार का भरण पोषण का एक मात्र साधन है। प्रार्थिनी के नाम से 48 हजार रुपये का आय प्रमाण पत्र लेखपाल द्वारा बिना कोई जांच किये जारी कर देने के कारण उसकी विकलांग पेंशन नहीं बन पा रही है। मेरी व मेरे पति की विकलांगता को देखते हुये उसके नाम से जारी आय प्रमाण पत्रों को निरस्त किया जाए।

### उपचार के दौरान युवक की मौत

**बकेवर।** 15 दिन पूर्व डीजे लादते समय 19 वर्षीय युवक पिकअप के नीचे आ जाने से घायल हो गया था, परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां हालत में सुधार न होने के चलते बुधवार को पीजीआई सैफई में इलाज के दौरान मौत हो गई। इकदिल थाना क्षेत्र के ग्राम भगौती के रहने वाले ओम नारायण गौतम ने बताया कि उनका 19 वर्षीय बेटा रोहित गौतम परशूपुरा गांव में 18 मई को डी जे की दुकान से पिकअप वाहन पर डी जे लाद रहा था कि उसी समय वाहन चालक ने पिकअप को स्टार्ट कर ले जाने लगा कि तभी उनका बेटा वाहन के पहिये के नीचे आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता तथा अन्य परिजन घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां हालत में सुधार न होने के चलते चिकित्सकों ने बेटे को पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। बुधवार को रोहित गौतम की इलाज के दौरान मौत हो गई। जैसे ही मौत की खबर परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### पति-पत्नी के विवाद में जीजा व साले में मारपीट

**जसवंतनगर।** नगर के मोहल्ला लुधपुरा में दंपति में विवाद के बाद बहन को मायके ले जाने आए। उसके भाई व ससुराल पक्ष के लोगों में जमकर लात घूसे डंडे चले। बहन के भाई सहित दोनों पक्षों की कई महिलाएं भी घायल हुई हैं। मामले में दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। प्रथम पक्ष के अनुसार विजय पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी जरार तहसील बाह जिला आगरा अपनी बहन भावना और जीजा विपिन कुमार के बीच हुए आपसी झगड़े के बाद अपनी बहन को लेने जसवंतनगर आया। विजय का आरोप है कि मोहल्ला लुधपुरा में जीजा विपिन कुमार, आकाश कुमार और जीजा के अन्य अज्ञात लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज कर लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आई मेरी भाभी रूबी देवी, पत्नी गीता देवी और बहन भावना को भी बुरी तरह पीटा। दूसरे पक्ष की रीनू, नंदिनी और सुनीता देवी का कहना है कि भावना और उसके पति विपिन कुमार के बीच सोमवार रात विवाद हुआ था। झगड़े को उग्र रूप देते हुए भावना की सूचना पर मंगलवार दोपहर भावना के मायके से उसका भाई विजय, हेमेन्द्र प्रताप और अन्य 7–8 लोग उनके घर पहुंचे और हमारे घर की महिलाओं से मारपीट की। तीनों महिलाएं घायल होकर सीएचसी में भर्ती कराई गईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, इटावा

- सैंपल भरने की धमकी देकर वसूली का लगाया आरोप


**अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा आइसक्रीम पार्लर पर सैंपल भरने की धकमी देकर रुपयों की मांग करने पर व्यापारी की शिकायत पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला खाद्य अभिहित अधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर नगर पालिका क्षेत्र के जोन 2 में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी की कार्यशैली में सुधार लाने एवं कार्रवाई की मांग की।

जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा की बलरई पछायगांव उदी मोड़ के व्यापारियों ने शिकायत की है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिनका कार्य क्षेत्र नगर पालिका परिषद इटावा का जोन दो है वह अनावश्यक रूप बलरई उदी मोड़ के व्यापारियों को सैंपल भरकर फंसाने के नाम पर अवैध वसूली कर उत्पीड़न कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, उद्योग मंच के अध्यक्ष मेजर पांडे, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया, जिला महामंत्री रमेश यादव, जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे, रेडीमेड संगठन के अध्यक्ष विनोद जैन आदि मौजूद थे।

# एक ही रात में चार घरों से जेवर नकदी चोरी

संवाददाता, बकेवर

- बकेवर थाना क्षेत्र के इंद्रौसी गांव का मामला
- चोरी की वारदात से गांव के लोगों में दहशत



चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम इन्द्रौसी में मंगलवार रात दो सूने पड़े घरों सहित चार घरों में चोरों ने धावा बोला। चोर घरों से जेवरात व नकदी चुरा कर ले गए। सूचना पर पहुंची ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलवाकर साक्ष्य एकत्र किए। चोरी की इस वारदात से लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया।

इन्द्रौसी निवासी प्रियांशु पुत्र बृजेन्द्र तिवारी ने बताया कि वह अपनी पत्नी पल्लवी के साथ घर के ऊपर की मंजिल पर बने कमरे में और उसका भाई लकी अपने पिता बृजेन्द्र और मां मीरा देवी के साथ नीचे बाहर बैठक में सो रहे थे। तभी रात को चोर पड़ोस के खाली पड़े मकान की छत के रास्ते उनकी छत पर आ गए और ऊपर के कमरे की कुंडी खोलकर उसमें रखे बक्से का ताला तोड़कर चोरी की। चोर नीचे के कमरे की कुंडी खोलकर उसमें रखे बक्से का ताला तोड़कर 12 हजार 5 सौ रुपये नकद के अलावा तीन सोने की अंगूठी, एक चेन, एक मंगलसूत्र सहित करीब चार लाख कीमत के सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने रामबालक पुत्र मुन्ना लाल के घर को निशाना बनाया। चोर उनके घर से 50 हजार रुपये नकद एक सोने का हार, एक चेन, दो अंगूठी सहित करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने पास में ही स्थित सुनीता पत्नी स्व. राजीव के खाली पड़े मकान का भी ताला तोड़ा। गृहस्वामिनी सुनीता भिंड जनपद स्थित अपने मायके में रहती है इस लिए यह जानकारी नहीं हो सकी कि चोर क्या चोरी करके ले गए। चोरों ने कुछ ही दूरी पर स्थित सुशील पुत्र ग्रीस नारायण के घर पर भी चोरी का प्रयास किया। पड़ोसी राजेश चतुर्वेदी की आंख खुल गई तो उन्होंने देखा कि बाहर कोई खड़ा है शक होने पर शोर मचाया तो चोर भाग गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी, हल्का इंचार्ज बिनीत पांडेय, मय फोर्स मौके पर पहुंचे।

**विरोध** सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने डीएम को दिया ज्ञापन

# किसान, कर्मचारी विरोधी शासनादेश रद हो

कायार्लय संवाददाता, इटावा




ज्ञापन देते जाते सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के पदों को समाप्त किए जाने के शासनादेश को किसान विरोधी बताया। मुख्यमंत्री एवं सिंचाई मंत्री को प्रेषित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर शासनादेश का रद करने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया कि सिंचाई विभाग के रीढ़ अति महत्वपूर्ण पद जैसे उपराजस्व अधिकारी, जिलेदार, मुंशी, हेड मुंशी पदों की संख्या में कटौती तथा नलकूप चालक, सींचपाल के साथ मिस्त्री कम ड्राइवर, व अन्य आवश्यक पदों को समाप्त किये जाने के शासनादेश से कार्मिक समुदाय में अत्यन्त असंतोष है। इसके विरोध में विभाग के समस्त मान्यता प्राप्त संगठनों की बैठक में सर्वसम्मति से सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन किया गया। इसके साथ ही काला फीता धारण कर प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया, इसके उपरान्त प्रदेश के समस्त कार्यालयों में भोजनावकाश के दौरान गेट मीटिंग के माध्यम से न्याय प्राप्त करने का प्रयास किया गया। सकारात्मक कार्रवाई न होने के कारण प्रदेश के समस्त संवर्गों के कर्मचारियों आक्रोश व्याप्त है। उक्त पदों को अनुपयोगी मानने से विभाग में नहरों, लघुडाल नहरों एवं राजकीय नलकूपों के संचालन, रख-रखाव एवं विभागीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा में भारी कठिनाई होना स्वाभाविक है। यह कार्मिक ग्राम स्तर पर रहकर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने में महती भूमिका का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करते हैं। इनकी अनुपस्थिति में पूरी व्यवस्था गड़बड़ हो जाएगी। मुख्यमंत्री का प्रदेश के चतुर्मुखी विकास, युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराये जाने हेतु सभी रिक्त पदों को भरे जाने एवं आवश्यक नये पदों का सृजन कर प्रदेश के किसानों को उत्कृष्ट सिंचाई उपलब्ध कराने के दृढ़ संकल्प पर कुठाराघात के समान है। अगर शासन एवं विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया तो कर्मचारी के समक्ष करो या मरो की स्थिति उत्पन्न होगी। ज्ञापन देने वालों में उमेश चन्द्र, आशाराम, मनीष चतुर्वेदी, हकेश कटियार आदि प्रमुख हैं।

# छेड़छाड़ के उलाहने पर दबंगों ने दूल्हे के परिजनों को पीटा

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोली में बारात निकासी से पहले आधा दर्जन से अधिक नामजद दबंगों ने महिला पुरुष और युवतियों समेत दूल्हा के 9 परिजनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान आस पास महिला पुरुष युवक युवतियों और बच्चों की चीख पुकार मच गई। इस मारपीट के दौरान एक पीड़ित युवक की सोने की चेन भी गायब हो गई।

मैनपुरी थाना किशनी के ग्राम मुकुटपुर निवासी पीड़ित सोयम उर्फ कन्हैया पुत्र प्रदीप सिंह ने पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि क्षेत्र के ग्राम भोली निवासी बुआ के घर लड़के की शादी में भरथना आया था। यहां मोहल्ला महावीर नगर निवासी एक नामजद युवक ने उसकी नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ कर दी। परिजन उसके घर उलाहना देकर शादी समारोह की तैयारियों में जुट गए। आरोपियों ने निकासी से पहले गांव के आधा दर्जन नामजदों के साथ आकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू करदी इसमें शिवम 22, सोयम उर्फ कन्हैया 19 पुत्रगण प्रदीप सिंह, पंकज 26 पुत्र अजय पाल, अर्पित 19 पुत्र अतरसिंह, सीमा 30 पत्नी कल्याण उर्फ कल्लू, प्रिया उर्फ स्वाति 18, राधिका 15, पुत्रीगण कल्याण उर्फ कल्लू, स्वार्थी पुत्री अजय पाल, अजय पाल 32, पुत्र द्वारिका प्रसाद समेत दूल्हा धर्मेंद्र उर्फ पवन पुत्र अजय पाल के परिजनों को घायल कर दिया। इस दौरान भाई शिवम के गले से एक सोने की चेन भी गायब हो गई।

# फफूंद के चौबे तालाब में लीजिए बोटिंग का आनंद


फफूंद के पक्का तालाब की बदल गई तस्वीर। अमृत विचार

- नगर पंचायत अध्यक्ष आज करेंगे तालाब का उद्घाटन
- हरियाली के साथ पार्क तैयार पत्थर की बेंच लगाई गईं

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** नगर के पक्का तालाब पर सौंदर्यीकरण कराकर उसको पिकनिक स्थल बना दिया गया है। गुरुवार को उद्घाटन के बाद तालाब में बोट भी उतारी जाएंगी और लोगों को बोटिंग का मजा मिलेगा।

तालाब के नजदीक पार्क को भी सजाकर तैयार किया गया है, जहां हरियाली के बीच लोग परिवार के साथ समय व्यतीत कर सकते हैं।

फफूंद नगर में कस्बे के लोगों के घूमने फिरने और मनोरंजन के लिए नगर पंचायत ने ककोर मार्ग पर स्थित चौबे के तालाब का सौंदर्यीकरण कराया है। तालाब के एक ओर फुटपाथ बनाकर स्टील की खूबसूरत रेलिंग लगाई गई हैं, वहीं चारों ओर की सीढ़ियों को रंग रोगन कर चमकाया गया है। जयपुर की पत्थर की बेंचों को लगाकर उसकी सुंदरता में चार चांद लगाए गए हैं।

तालाब के पार्क का भी सौंदर्यीकरण कराने के साथ चहारदीवारी पर थ्रीडी पेंटिंग कराई गई है। गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष यहां बनाए गए पिकनिक स्थल का शुभारंभ करेंगे। पानी में बोटिंग के लिए तीन बोट भी डाली जाएंगी, जिनमें लोग बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। नगर के बच्चों के लिए यह पिकनिक स्थल बनकर तैयार हो चुका है, जहां पहुंचकर लोग सकून ले सकेंगे।

# छात्रा ने फंदा लगाकर दे दी जान

संवाददाता, अयाना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नवादा ज्वाला प्रसाद गांव में बुधवार सुबह एक छात्रा ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने शव लटकता देख घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन की है।

नवादा ज्वाला प्रसाद निवासी इंदल की सिंह की बेटी प्रिया 16 घटघर ब्रह्मानान स्थित एक इंटर कॉलेज की छात्रा थी। बुधवार सुबह 11 बजे के करीब कमरे में बुलाने पहुंची मां संजना ने उसका


जांच-पड़ताल करती पुलिस।

शव छत के कुंडे में दुपट्टे के फंदे पर मिला। शोर मचाने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। अनहोनी पर मां संजना, भाई प्रिंस व वंश कुमार रो-रोकर बेहाल हैं। पिता इंदल सिंह ने बताया कि बेटी बुधवार सुबह नाश्ता करने के बाद अपने कमरे में चली गई थी।

इसके बाद काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो उसकी मां बुलाने पहुंची थी। वहां उसका शव फंदे पर मिला। मौके पर पहुंचे सीओ अजीतमल एमपी सिंह, प्रशिक्षु सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार ने घटना स्थल पर छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बीबीएस के होनहार छात्र ने जेईई में पाई कामयाबी

**औरैया।** शहर के बीबीएस स्मृति विद्यापीठ के होनहार छात्र कृष्णा तिवारी ने जेईई एडवांस में 10024 आल इंडिया रैंक प्राप्त कर मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रबंधक गौरव भूषण शर्मा ने बताया कि कृष्णा ने 2022 में कक्षा 10 में 98 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। 2024 में कक्षा 12 में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में उन्नति के पथ पर बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दीं।


कृष्णा तिवारी।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के मैनहा निवासी शिवराज सिंह पुत्र रामऔतार ने मुकदमा दर्ज कराया है कि पुत्र अंकुश 28 मई रात करीब 10 बजे मां सुनीता की दवा लेने घर से बंशी जा रहा था, तभी बंशी रामगढ़ रोड रोड तिराहे पर जैनू पुत्र सुखवीर सिंह निवासी पुर्वा राजा, दीपू पुत्र रमेश चन्द्र कटारे, प्रान्शू व सोनू निवासी गुलाल कुदरकोट ने अंकुश को रोककर गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी-डंडा व धारदार हथियार से मारपीट की। शोर सुनकर गांव के लोग दौडे तब चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बंबा में मिला युवक का शव नहीं हो सकी शिनाख्त

**बिधूना।** सहार थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बम्बी में उतराता मिला। स्थानीय लोगों ने बम्बी में शव देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सहार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बम्बी से बाहर निकालकर पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को मर्च्युरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्रों में लापता युवकों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

### प्रभु राम की बाललीलाएं कर्तव्यों की सीख देतीं हैं

**अजीतमल।** प्रभु राम की बाल लीलाएं वात्सल्य, करुणा और प्रेम का प्रतीक हैं, जो हमें नैतिक कर्तव्यों, संस्कारों की सीख देती हैं। रजपुरा के लोढी माता मन्दिर पर आयोजित श्रीराम कथा में यह प्रवचन आचार्य सिया किशोरी ने दिये। उन्होंने कहा कि धर्म, मर्यादा और सेवा का से परिपूर्ण बाल लीलाओं से राम ने भाईयो को भी खेल खेल में विनम्रता, माताओं के प्रति आदर, गुरु सेवा और पशु-पक्षियों तक के प्रति करुणा का भाव बनाये रखने के आदर्श सिखाये।

### आधा दर्जन एक्सप्रेस और अन्य ट्रेन पिछले स्टेशनों पर रुकीं

# नार्थ-ईस्ट का इंजन फेल 5 घंटे ठप रहा डाउन ट्रैक

संवाददाता, कंचौसी

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रूट के कंचौसी रेलवे स्टेशन के पास डाउन ट्रैक पर बुधवार दोपहर आनंद बिहार से चलकर कामाख्या जाने वाली नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस का इंजन फेल होने और कपलिंग टूटने से ट्रेन करीब पांच घंटे तक खड़ी रही। इससे डाउन ट्रैक ठप होने से आधा दर्जन एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनें पिछले स्टेशनों पर खड़ी रहीं। शाम साढ़े पांच बजे संपर्क क्रांति एक्स्प्रेस से धक्का लगाकर कंचौसी स्टेशन लाया गया, जहां दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

दिल्ली से चलकर कामाख्या जा रही नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार दोपहर 12:30 बजे के करीब फफूंद से कंचौसी स्टेशन की ओर बढ़ रही थी तभी कंचौसी स्टेशन से करीब दो किमी पहले उसका इंजन फेल हो गया। ट्रेन के पायलट और तकनीकी स्टाफ ने इंजन को अलग कर कंचौसी स्टेशन तक पहुंचाया। वहीं ट्रैक पर फंसी नार्थ- ईस्ट एक्सप्रेस को संपर्क क्रांति एक्स्प्रेस से पीछे से धक्का लगाकर कंचौसी रेलवे स्टेशन की मेन लाइन पर खड़ा किया गया।


इंजन फेल होने से खड़ी नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस और परेशान यात्री। अमृत विचार

> नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के इंजन में अचानक खराबी आई थी। कानपुर से दूसरा इंजन आने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया है। इंजन में खराबी आने की तकनीकी टीम की ओर से जांच की जा रही है।
> -दरबारी कुमार, स्टेशन अधीक्षक

पीछे के स्टेशनों पर खड़ी सम्पर्क क्रांति एक्स्प्रेस, नेताजी एक्सप्रेस जम्मूतवी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों को लूप लाइन से धीमी गति से गुजारा गया। इस बीच नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस खड़ी रही। ट्रेन का स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल और ट्रेन स्कॉर्ट मुस्तैद रहा। अधिकारी, कर्मचारी घंटों मशक्कत करते रहे। ट्रेन करीब पांच घंटे तक खड़ी रही। कानपुर से इंजन आने के बाद शाम छह बजे के बाद कानपुर की तरफ रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेन के यात्रियों को चाय-पानी के लिए परेशान होना पड़ा। स्टेशन और आसपास गांव की दुकानों पर पहुंचकर यात्रियों ने नमकीन, बिस्किट और पीने का पानी तलाशा।


टूर्नामेंट के दौरान क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

# कुंवरपुर को हरा जहरौलिया पुरवा का ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता, रुरुगंज

**अमृत विचार।** कुंवरपुर गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में विजेता जहरौलिया पुरवा और उपविजेता कुंवरपुर की टीमों को नकद पुरस्कार के साथ क्रिकेट ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में रुरुगंज, कुदरकोट गांव समेत उसके आसपास के गांवों से आई 11 टीमों ने भाग लिया।


जहरौलिया पुरवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 82 रन का लक्ष्य दिया। विपिन ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। कुंवरपुर की तरफ से फैजान कुरैशी ने तीन विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी कुंवरपुर टीम जहरौलिया पुरवा के गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आई। उनकी बल्लेबाजी बेहद खराब रही और पूरी टीम मात्र 51 रन बनाकर आउट हो गई। शिवम ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। जहरौलिया पुरवा की तरफ से रोहित और राजू ने तीन-तीन विकेट लिया। टूर्नामेंट के आयोजक जीतू यादव ने रोहित को मैन ऑफ द मैच के साथ मैन ऑफ द सिरीज का पुरस्कार दिया। विजेता टीम को नकद और ट्राफी के साथ उपविजेता टीम को भी ट्राफी प्रदान की गई। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन फौजी कमेटी की ओर से कराया गया। समापन पर मुख्य अतिथि समाजसेवी राहुल यादव ने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में भी कॅरियर की संभावनाएं हैं।

## सार-संक्षेप


कन्या के पांव धोते समाजसेवी रामकृपाल दीक्षित। अमृत विचार

### सर्व समाज की कन्यायों के पांव धोकर इंसानियत का संदेश

**फफूंद।** भाग्यनगर विकासखंड के भौनकपुर में गमनामऊ के समाजसेवी रामकृपाल दीक्षित ने सर्व समाज की कन्याओं का स्वागत किया। भेदभाव रहित हिंदू एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे गांव-गांव जाकर कन्याओं का स्वागत कर रहे हैं। भौनकपुर में दिनेश गौतम की पुत्री दिव्या भारती का स्वागत किया। इस मौके पर हिंदू एकता प्रेमी रामअवतार अग्निहोत्री, सत्येंद्र अवस्थी, बबलू गौतम, राजकुमारी गौतम, सुनीता दोहरे, राजा, रेखा कठेरिया, पिंकी कठेरिया, कुंवर सिंह बाथम, सूरज, विमल गौतम आदि मौजूद रहे।


परिवार के साथ खुशी का इजहार करता देवर्षि त्रिपाठी।

### जेईई एडवांस में देवर्षि त्रिपाठी ने बाजी मारी

**बिधूना।** क्षेत्र के रावतपुर निवासी छात्र देवर्षि त्रिपाठी के जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल करने पर दादा-दादी, चाचा-चाची ने मालाएं पहनाकर मुंह मीठा कराया। दिल्ली में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर रावतपुर निवासी विमल त्रिपाठी के पुत्र देवर्षि त्रिपाठी ने जेईई एडवांस परीक्षा में 360 अंकों में 138 अंक हासिल कर नाम रोशन किया है। देवर्षि त्रिपाठी ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय दिल्ली से उत्तीर्ण की थी। उसकी सफलता पर उसके दादा नरेंद्र त्रिपाठी, चाचा विनीत कुमार त्रिपाठी, मां आशा त्रिपाठी ने मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर मनोबल बढ़ाया। देवर्षि की सफलता पर पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, सपा विधायक रेखा वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श मिश्रा, पूर्व चेयरमैन अमित कुमार बाथम, रिया शाक्य, ब्लॉक प्रमुख डॉ. शरद सिंह राणा, अनिल शुक्ला, अभय सेंगर, डॉ. शिवकुमार तिवारी, जैकी चौहान, पूर्व प्रधान शिवमंगल सिंह सेंगर, सेवानिवृत्त पीटीआई केशव सिंह सेंगर, पूर्व प्रधान लोकेंद्र सेंगर, डॉ अवधेश सेंगर, डॉ परशुराम त्रिपाठी, राकेश यादव आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


पंगत में बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**अटसू।** अजीतमल के बल्लापुर में कथा के अंतिम दिन देर रात्रि तक प्रसाद वितरण चलता रहा। भंडारे में माल पुआ, खीर और मट्ठा के आलू का प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर लगभग 2 बजे से ही प्रसाद वितरण कार्यक्रम चालू कर दिया गया, जो रात्रि लगभग 11 बजे तक चलता रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खूब उत्साह देखा गया। ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार उर्फ टिल्लू राजपूत ने बताया कि कथा और भंडारा 11 वर्षों से लगातार हो रहा है, जिसमें गांव सहित आसपास के लोग सहयोग करते हैं।

# 8 करोड़ खर्च होने के बाद हल्की बारिश में पानी भरा

संवाददाता, कंचौसी

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर फफूंद और कंचौसी स्टेशन के मध्य गेट संख्या 6सी पर 20 महीने में 8 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार रेल ओवरब्रिज अभी पूरी तरह आवागमन के लिए चालू भी नहीं हुआ है और उस पर खामियां नजर आने लगी हैं।

पहले पैदल यात्रियों के लिए रेल ट्रैक क्रास करने के लिए बनाई घई दोनों तरफ की सीढ़ियों के ऊपर 2 मीटर चौड़े एप्रोच मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाद हुई मामूली बारिश में आधा फीट पानी भर गया है, जिससे पैदल निकलने वाले बच्चे, महिलाएं परेशान हैं। यहां से सूखमपुर मजरे मड़ैया, घसा का पुरवा आदि के लोग प्रतिदिन आते- जाते हैं। एप्रोच मार्ग और ब्रिज मार्ग के बीच मोटी कंक्रीट की ऊंची दीवार बना देने से


ओवरब्रिज के नीचे भरा पानी।

60 मीटर लम्बे ट्रैक एप्रोच मार्ग पर पानी निकास की कोई रास्ता नहीं बनाया गया है, जो बड़ी समस्या पैदा कर रहा है। ब्रिज की डिजाइन अन्य पुलों से अलग है, फिर भी ब्रिज के ऊपर पानी भरा रहना इंजीनियरों पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर ठेकेदार और इंजीनियरों पर कार्रवाई करने के साथ ही जलनिकासी का समाधान करने की जरूरत है। ब्रिज का निर्माण कराने वाली कम्पनी सामान समेटकर जा चुकी है।

# यमुना घाट की सफाई में जुटे अफसर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा के स्नान पर्व पर यमुना तट पर जुटने वाली श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर बुधवार को एक विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्यों के साथ जिला और नगर पालिका प्रशासन के सहयोग से यमुना तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में डीएम, एसपी और नगर पालिका अध्यक्ष ने अपशिष्ट, प्लास्टिक व पॉलिथीन को एकत्र कर नष्ट किया।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि नदियों की स्वच्छता, साफ सफाई और धार्मिक आस्था के साथ गंगा दशहरा पर यमुना नदी में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं को स्नान, ध्यान और पूजा-अर्चना में कोई असुविधा न हो, इसलिए यमुना तट पर सफाई अभियान चलाया गया। नदियों के किनारे अंत्येष्टियां प्रतिबंधित हैं। उन्होंने यमुना नदी के किनारे अंत्येष्टियों पर प्रतिबंध लगाने और यमुना तट की सफाई के लिए नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया।



यमुना घाट की सफाई के दौरान मौजूद डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी, एसपी अभिजीत आर शंकर और नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता। अमृत विचार

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम श्रद्धालु आस्था के साथ यमुना नदी में डुबकी लगाने आते हैं। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यहां तहसीलदार रणवीर सिंह, अधिशासी अधिकारी राम आसरे कमल, डीपीएम शिरीष मिश्रा, सफाई निरीक्षक आशीष पांडे, समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरू), पूर्व सभासद पंकज मिश्रा, बैंक से सेवानिवृत शेखर गुप्ता, तेजबहादुर वर्मा, ऐश्वर्य सोनी, आनंद गुप्ता, अनिल कुमार सोनी, एलएन गुप्ता, हिमांशु दुबे, रामअवतार, सतीश चंद्र, अजय बल्मीक आदि लोग मौजूद रहे।

**जूम मीटिंग** जिलाधिकारी डॉ .इंद्रमणि त्रिपाठी ने अगले पांच दिनों तक जिले भर में सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए

# रोजाना 20 गोवंश पकड़ें सभी बीडीओ और ईओ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जूम मीटिंग के माध्यम से डीएम ने कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी आज से ही अभियान चलाकर रोज कम से कम 20 गोवंश पकड़कर गौआश्रय स्थलों में पहुंचाएं और इसकी सूचना से अवगत भी कराएं। कम संख्या होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि अगले पांच दिनों में सघन अभियान चलाया जाए, जिससे कहीं भी कोई आवारा गोवंश घूमता हुआ न दिखे। उन्होंने 5 जून को पड़ने वाले गंगा दशहरा के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह नदियों के घाटों और जलस्रोतों


जूम मीटिंग के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

आदि का आज ही स्थलीय निरीक्षण कर बैरीकेडिंग, लाइट, आवागमन के रास्ते, पेयजलापूर्ति, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं, साथ ही अन्य स्थलों पर भी साफ-सफाई दुरुस्त रखी जाए।

डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी शासन से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए रोड के किनारे संचालित मीट व मछली की दुकानों को आज ही हटवाएं और इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएं कि उनके क्षेत्र में कोई मीट, मछली की दुकान रोड के किनारे संचालित नहीं है। कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राजस्व के मामलों में कानूनगो स्तर पर लंबित प्रकरणों को सभी संबंधित शीघ्रता से कार्यवाही कराते हुए निस्तारण कराएं। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संदर्भों के पूर्व से प्राप्त होने के पश्चात भी कतिपय अधिकारियों द्वारा समय से निस्तारण नहीं किया जाता है और अंतिम तिथि तक का इंतजार करते हुए कार्यवाही की जाती है। यह बहुत ही आपत्तिजनक है। इसमें सुधार लाकर समय से कार्यवाही कर निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने प्राप्त संदर्भों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुए संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाएं, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार हो और प्रदेश में नंबर एक में जनपद का नाम प्रदर्शित हो। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देश दिए कि ड्यूलिस्ट तैयार कर संबंधित लेखपाल को दी जाए ।

### सीडीपीओ का वेतन काटने के निर्देश

- जिलाधिकारी डॉ .इंद्रमणि त्रिपाठी ने ऐरवाकटरा सीडीपीओ के जूम मीटिंग में न जुड़ने पर नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि उनके विभागीय अधिकारी व कर्मचारी अपनी तैनाती स्थल पर समय से उपस्थित हो और जूम मीटिंग में प्रतिभाग भी करें अन्यथा कि स्थिति में जूम मीटिंग में न जुड़ने की स्थिति में अनुपस्थित मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## एक नजर

### संयुक्त आयकर आयुक्त योगेंद्र मिश्रा निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनकम टैक्स ऑफिस में ही एक आईआरएस अफसर पर दूसरे आईआरएस अफसर के हमला कर देने के मामले में सख्त कार्रवाई की गई है। हमला करने वाले ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उन्हें बंगाल और सिक्किम रीजन से अटैच कर दिया गया है। 29 मई को हुई इस घटना में आईआरएस अफसर उपायुक्त गौरव गर्ग ने योगेंद्र मिश्रा पर हमला करने, कांच का गिलास फेंककर मारने और प्राइवेट पार्ट पर पैर से मारने का आरोप लगाया था।

### वीआईपी सुविधाएं देने पर डिप्टी जेलर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर को नियमों के खिलाफ जाकर वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप में डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। इसके अलावा जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की शासन से संस्तुति की गई है। वहीं जेलर जीवन सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### दो पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बुधवार को दो पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव प्रमेश श्रीवास्तव को जिले में ही उप जिलाधिकारी पुरवा बनाया गया है। सहायक अभिलेख अधिकारी उन्नाव प्रशांत नायक को वर्तमान कार्यभार के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### सर्वाधिक डॉल्फिन उप्र. में, बाघों की संख्या हुई 205

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में सबसे अधिक डॉल्फिन की संख्या उत्तर प्रदेश में है। बाघों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2018 में इनकी संख्या 173 थी जो 2022 में बढ़कर 205 हो गई। इस बीच राज्य सरकार कछुओं के अवैध शिकार एवं इनके व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ संरक्षण योजना चला रही है।

### वनावरण व वृक्षावरण में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का वनावरण व वृक्षावरण 23437.53 वर्ग किमी (9.73 प्रतिशत) से बढ़ कर 23996.72 वर्ग किमी (9.96 प्रतिशत) 559.19 वर्ग किमी. बढ़ गया है। वनावरण का अर्थ है वन के द्वारा आच्छादित क्षेत्र, जबकि वृक्षावरण का अर्थ है किसी भी प्रकार के वृक्षों द्वारा आच्छादित क्षेत्र, चाहे वह वन का हिस्सा हो या न हो। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा वर्ष 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वनावरण व वृक्षावरण वृद्धि की नजर से उत्तर प्रदेश, पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है।

# पुख्ता होगी सहकारी बैंकों की सुरक्षा, बनेगा साइबर सिक्योरिटी कवच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र. कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड व 50 जिला सहकारी बैंकों में टेक्नोलॉजी एडॉप्शन की बड़ी तैयारी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार राज्य में सहकारी बैंकों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है।

अब प्रदेश के 50 जिला सहकारी बैंकों और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को साइबर सुरक्षा कवच से लैस किया जाएगा। इसके लिए बैंकों को कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया जाएगा। जिससे ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी हर गतिविधि सुरक्षित और पारदर्शी होगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी टीसीएस और विप्रो जैसी कंपनियां सहयोग करेंगी। ये कंपनियां सहकारी बैंकों के डाटा सुरक्षा, सर्वर मैनेजमेंट और साइबर हमलों से बचाव जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ पूरे सिस्टम को सशक्त बनाएंगी। इस पूरी परियोजना के संचालन में नाबार्ड का सहयोग लिया जाएगा। इसमें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिलेगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सहकारी बैंक सुरक्षित, सशक्त और ग्राहकों के लिए और ज्यादा भरोसेमंद बनें।

### 10 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान

राज्य सरकार ने योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 करोड़ रुपये का विशेष बजटीय प्रावधान किया है। यह राशि तकनीकी संसाधनों की स्थापना, सर्वर सुरक्षा, प्रशिक्षण, साइबर जागरूकता और क्लाउड प्लेटफॉर्म पर व्यय की जाएगी। इस पहल के तहत जिला सहकारी बैंकों की न केवल साइबर सुरक्षा को मजबूती दी जाएगी, बल्कि उनकी वित्तीय स्थिति को भी सशक्त बनाया जाएगा।

### उप्र. में एयरोस्पेस और डिफेन्स निवेश को एसओपी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में भारी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित किया है। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट राज्य के 6 डिफेन्स नोड विकास के केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन नोड्स के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हो। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसी क्रम में शासनादेश के तहत एसओपी को लागू किया गया है, जिससे निवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, अनुमोदन की तीव्रता और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### भाजपाई नेताओं के कुकृत्य की वीडियों क्लिपें शर्मनाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति का डंका पीटने वाली भाजपा अपराधियों को संरक्षण देने और अपने विरोध की हर आवाज को दबाने के लिए उनका उत्पीड़न करने का काम पूरी ईमानदारी से कर रही है। भाजपा सरकार में असहिष्णुता और नफरत को खुली छूट मिली हुई है और भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है।

# भारी खर्च फिर क्यों नहीं सुधरी बिजली कंपनियों की दक्षता

## विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से पूछा है कि भारी-भरकम रकम खर्च होने के बाद भी बिजली कंपनियों की दक्षता में सुधार क्यों नहीं हुआ। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर यह सवाल उठाए हैं। आयोग ने राजस्व वसूली का भी पूरा विवरण मांगा है। यह भी कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद 'कलेक्शन एफिशिएंसी' कितनी हो जाएगी।

नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के लिए 'लॉस रिडक्शन' में लगभग 16,112 करोड़ अनुमोदित किया था। इसमें वर्ष 2024-25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12,693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए आयोग ने 27,342 करोड़ अनुमोदित किया, इसके बाद भी बिजली कंपनियों की लाइन हानियां बढ़ गईं। आयोग ने इस पर सवाल उठाया है।

मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दर के प्रस्ताव में पहले 10 हजार करोड़ का घाटा दिखाया था, पर एक सप्ताह बाद बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव देते हुए घाटा 19,600 करोड़ दिखा दिया। आयोग ने बिजली दर संबंधी प्रस्ताव 'वार्षिक राजस्व आवश्यकता' को तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

### मनगढंत आंकड़ों पर सुनवाई कराना गलत

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई को लेकर बुधवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के मनगढंत आंकड़ों पर आम जनता की सुनवाई कराना गलत है।

| वितरण कंपनी | अनुमोदित हानियां (भारत सरकार) | प्रस्तावित हानियां पावर कॉरपोरेशन |
|---|---|---|
| दक्षिणांचल | 18.97 | 28.48 |
| मध्यांचल | 17.97 | 21.93 |
| पश्चिमांचल | 12.69 | 13.35 |
| पूर्वांचल | 18.49 | 36.08 |
| केस्को | 8.07 | 10.37 |
| कुल | 16.43 | 23.44 |

(नोट-लाइन हानियां प्रतिशत में)



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को देते किसान संगठन के प्रतिनिधि।

### निजीकरण के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में किसानों ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस बीच, बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इस भीषण गर्मी में प्रबंधन अनावश्यक तौर पर बड़े पैमाने पर अभियंताओं का उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैला रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी व अभियंता इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं के प्रति संवेदनशील हैं। इसीलिए संघर्ष समिति की नोटिस में कहा गया है कि आंदोलन के कारण उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। ऐसे वातावरण में जब उपभोक्ता सेवाओं की प्राथमिकता सबसे ऊपर है तब पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियंताओं को डांटने-फटकारने में लगे हैं। उपभोक्ता सेवाओं की दृष्टि से ही संघर्ष समिति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था, जो कार्पोरेशन प्रबंधन को सूचित कर दिया गया था। इसके बाद भी प्रबंधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं को चार्ज शीट दी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने कई अभियंताओं को दंडित करने की दृष्टि से उनका स्थानांतरण कर दिया है।

### इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील होंगी डीजल बसें, ट्रॉयल की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने जा रहा है। इस कवायद के तहत कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा। दरअसल, पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेडे.से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा।

# जोशी और सावंत को ओबीसी सूची में शामिल करने की कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पिछड़ा वर्ग आयोग 23 को करेगा प्रारंभिक सुनवाई

▸▸ आयोग ने आवेदन के पक्ष व विपक्ष में सुझाव मांगे

**अमृत विचारः** जोशी (भड्डुरी) और सावंत को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी गई है। दोनों जातियों के आवेदन पर पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जून को प्रारंभिक सुनवाई करेगा। आयोग ने पक्ष व विपक्ष से सुझाव मांगे हैं।

आयोग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि दोनों जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें इन जातियों को प्रदेश की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। जोशी भड्डुरी महासभा के अध्यक्ष सुमित कुमार जोशी की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि महाकवि घाघ भड्डुरी से संबंधित जोशी भड्डुरी डाकोत समाज लाखों की संख्या में प्रदेश में निवास करता है।

इन्हें देश भर में बोलचाल की भाषा में जोशी, जोशी भड्डुरी, भडरी, भतरी, भटरी, भठरी, डाकोत, देशांतरि, पडिया, ज्योतिषी आदि नामों से पुकारा जाता है। यह समुदाय ज्योतिष का पैतृक कार्य करता है। शनिवार को शनिदेव का दान लेती है। मूल शांति कराती है।

वर्तमान तकनीकी युग में यह समुदाय काफी पिछड़ गया है। इनके पास खेती के लिए भूमि भी नहीं है। इसी तरह, सावंत समुदाय के प्रतिनिधियों ने खुद को पिछड़ा बताते हुए तर्क पेश किये हैं।

### इन जिलों में हैं जोशी भड्डुरी

जोशी भड्डुरी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, कानपुर, फतेहपुर, इटावा, ओरैया, फर्रुखाबाद, जालौन, मैनपुरी, आगरा, एटा, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत और प्रयागराज आदि में निवास कर रही है।

# सरकार ने शुरू किया हर बच्चा खास है पोस्टर अभियान

## 1,32,716 विद्यालयों तक पहुंच रहे छह प्रकार के 2.65 लाख पोस्टर सेट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पोस्टर अभियान

**अमृत विचार :** ऐसे बच्चे जो बोल नहीं सकते है, सुन नहीं सकते हैं या वो बच्चे जो सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, उन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह सम्मान व दक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार ने जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए पोस्टर के माध्यम से दिलों को छूने का प्रयास करता है।

अभियान की शुरुआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी-पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। पोस्टरों में इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता

गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हम केवल स्कूलों में बेंच बढ़ाने की बात नहीं कर रहे, हम दायरे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। समावेशी शिक्षा बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज को बेहतर बनाती है। राज्य सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि असली समावेश वही है, जो सिर्फ नीति में नहीं, नजरिए में दिखे।

### सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में पोस्टर वितरण

राज्य के एक लाख 32 हजार 716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (छह पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें समावेशी शिक्षा और दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं।

### पोस्टर से समझा रहे 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'

इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। इन पोस्टरों से प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। इस अभियान में ''सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'' जैसे अति आवश्यक विषय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

### 25 जून तक चलेगा कृषि विभाग का बीज शोधन अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों और चूहों आदि के नुकसान से बचाने के लिए इन दिनों सरकार द्वारा बीज शोधन अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में 25 जून तक बीज शोधन अभियान चलेगा। दरअसल, उप्र. के 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्राप्त करने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मुताबिक, उत्पादन में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन तकनीक का अत्यधिक महत्व है। इसे बीज का टीका भी कहते है। जिससे फसलो में भविष्य में जीवाणु और कवकों आदि से होने वाले रोगों का बचाव किया जाता है। इसके निवारण के लिए इस अभियान के तहत बीज शोधन के महत्व की जानकारी देकर कृषकों को शत-प्रतिशत बीज शोधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**सुनवाई** | राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को मामले निस्तारित करने के लिए तीन माह का समय

# पेंशन में कटौती सम्बंधी हजारों याचिकाएं निस्तारित

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पेंशन में कटौती संबंधी राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की हजारों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचियों का प्रत्यावेदन लेने व तीन माह के भीतर इसे निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी द्वारा मामले के निस्तारण तक याचियों के पेंशन से वसूली नहीं की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। याचियों की दलील थी कि उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय पेंशन के आधार पर जो एकमुश्त धनराशि ली थी उसकी वसूली के तौर पर याचियों के मासिक पेंशन से एक निश्चित रकम की कटौती होती है, मासिक कटौती की धनराशि कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के समय ली गई धनराशि के एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। कहा गया कि इस प्रकार जो मासिक कटौती की जा रही है, उससे कर्मचारी से लिए गए उक्त एडवांस पेंशन का भुगतान ब्याज समेत 10 वर्ष 11 माह में हो जाता है। जिसे मोटे तौर पर 11 वर्ष किया जा सकता है या अधिकतम 12 वर्ष तक वसूला जा सकता है।

दलील दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 2008 को जारी शासनादेश के जरिए मासिक कटौती की मियाद 15 वर्ष कर दी गई जो विधिपूर्ण नहीं थी। वित्त विभाग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचियों की समस्या के निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस पर न्यायालय ने याचियों को एक माह में उक्त कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन देने का समय दिया तथा उसके पश्चात तीन के भीतर याचियों के प्रत्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय से क्षुब्ध याची दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यही प्रक्रिया अपनाने का आदेश रेलवे के कर्मचारियों के संबंध में रेलवे को दिया है।

### वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा
3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| 4 | | ■ | 5 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| 8 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली -451 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02.15 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** - आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष** - आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रूचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन** - आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** - आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह** - आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या** - आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला** - आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


**धनु** - आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर** - आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ** - आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन** - आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

### सुडोकू -176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों–रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात् दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।



आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है।

-फेसबुक वॉल से

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### बस में सूटकेस से जेवरात और नकदी गायब

**राठ।** कस्बे के पठनऊ मोहल्ले की सुरईया पत्नी इदरीश अहमद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 31 मई को रोडवेज बस से पनवाड़ी जा रही थी। बस के कंडक्टर ने उसका सूटकेट चालक की सीट के पीछे रख दिया। जब वह पनवाड़ी में उतरी तो सूटकेस की चेन टूटी थी। उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और 3 हजार रुपये गायब थे। पीड़िता ने बस कंडक्टर शमशाद अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल ने कहा कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महंत की चली गई जान

**सुमेरपुर।** इटरा के बजरंगबली आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे कंडौर के महंत बालकदास की रेलवे लाइन पार करते समय चित्रकूट एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई। बजरंगबली आश्रम में गुरुवार को भंडारा होना है। कार्यक्रम में कंडौर के महंत बालकदास (62) हिस्सा लेने बुधवार तड़के आश्रम जा रहे थे। रेलवे लाइन पार करते समय वह जबलपुर से लखनऊ जा रही चित्रकूट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। सूचना पर थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस के साथ पहुंचे और शिनाख्त कराकर परिजनों को बताया।

### फोन पर शादी तोड़ने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर।** पुत्री की होने वाली ससुराल में अज्ञात युवक ने फोन कर दामाद से शादी न करने व न मानने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुत्री के पिता ने अज्ञात युवक के खिलाफ शादी में बाधा डालते हुए दामाद की हत्या कर देने की धमकी दिए जाने की थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के धनपुरा गांव के उदल पुत्र बाबूलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पुत्री करिश्मा की शादी मध्य प्रदेश के जनपद शिवपुरी के शीतलपुर गांव के परमेश्वर दास के साथ तय की है। अज्ञात युवक ने फोन से उसके दामाद को शादी न करने व बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी है। दामाद ने फोन से उन्हें जानकारी दी। जिस पर किया गया रिश्ता टूटने की कगार पर आ गया है। फोन नंबर के आधार पर अज्ञात युवक कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नंबर को ट्रेस कर अज्ञात युवक की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### तमंचे का वीडियो अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

**सुमेरपुर।** सोशल मीडिया में तमंचे के साथ वीडियो अपलोड करने वाली युवक को पुलिस ने दबोचकर जेल भेजा है। मंगलवार को कस्बे के इमिलिया बाडा मुहाल निवासी अमित पुत्र विक्रम वर्मा ने सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड किया था। इस वीडियो में युवक तमंचे के साथ खुलेआम प्रदर्शन कर रहा था। इस खबर को समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के छपते ही सक्रिय हुई पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ दबोचकर जेल भेजा है।

### पड़ोसी से परेशान महिला ने थाने में दी तहरीर

**बिवांर।** क्षेत्र के महेरा गांव की राजरानी वर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी सियाराम वर्मा अपने मकान की छत में खड़े होकर उसके साथ अभद्रता करते हुए रात में ईट-पत्थर उसके घर में फेंकता है। मना किए जाने पर नुकीली सांग से हमला करने की धमकी देता है। वहीं पड़ोसी देवेंद्र वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को बाहर चले जाने पर पत्नी बच्चों के साथ अकेली थी। रात को पत्नी आंगन में लेटी हुई थी। उसे अकेला पाकर पड़ोसी सियाराम घर में ईंट पत्थर को फेंकने लगा। पत्नी बच्चों के साथ घर के कमरे के अंदर चली गई। साथ ही वह बेपर्दा होकर अपनी छत में रात को टहलता है। उसकी हरकतों से पड़ोसी परेशान है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि दोनों लोगों की मिली तहरीर के अनुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में आवेदन की तिथि 15 जून

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए एवं प्रारंभिक प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं में विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए थे, जिसकी अंतिम तिथि 31 मई थी। अब इसे बढ़ाकर 15 जून कर दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली कक्षाओं में विशेषज्ञों की नियुक्ति पाठ्यक्रम के अनुरूप की जाएगी। यूपीएससी, पीसीएस, साक्षात्कार आदि की तैयारी के लिए संबंधित विषय में परास्नातक, नेट, जेआरएफ या पीएचडी धारकों को वरीयता दी जाएगी।

### मौदहा में हवा भरवाते समय अचानक लगी आग, शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान

# डंपर में भड़की आग, दुकान भी जली

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर स्थित बड़े चौराहे पर पंचर की दुकान में हवा डलवा रहे डंपर में अचानक आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर डंपर सहित दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने इधर-उधर भाग कर जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस ने आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है।

कबरई गिट्टी लेने जा रहे डंपर यूपी-95टी/ 8500 के चालक ने बड़े चौराहे पर टायरों में हवा डलवाने के लिए डंपर खड़ा किया। जब टायरों में हवा डाली जा रही थी, उसी समय अचानक डंपर में आग लग गई। जब तक चालक और आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर डंपर के साथ टायर की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। चालक, टायर दुकानदार और आसपास के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई।


मौदहा कस्बे में आग से जलता डंपर। अमृत विचार


डंपर की आग से दुकान में रखे टायर भी जल गए। अमृत विचार

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस ने आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। आग में डंपर व दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल शार्ट सर्किट से डंपर में आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकानदार नवाब ने बताया कि इस घटना से उसका लगभग चार से पांच लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है।

**गनीमत रही कि कंप्रेशर नहीं फटा:** राहत की बात यह रही कि धमाका नहीं हुआ। कंप्रेशर फटने से धमाका भी हो सकता था। इस संबंध में कोतवाली पुलिस का कहना है कि पुलिस और फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त रूप से आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के समय कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे बहाल करा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवती ने छत पर आग लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** कस्बे के कजियाना मोहल्ला में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती ने अपने घर की छत में आग लगाकर आत्महत्या कर ली। देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें माता-पिता से हार जाने की बात लिखी गई है।

कजियाना मोहल्ले के मथुरा मंदिर के पास रहने वाले सुनील गुप्ता की पुत्री शालवी गुप्ता (28) ने अपने घर की ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे की छत पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह जब परिजनों ने देखा तो होश उड़ गए। घटना की खबर फैलते ही भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच की। कमरे में


शालवी गुप्ता।

- माता-पिता के नाम सुसाइड नोट में हार जाने की बात

एक सुसाइड नोट मिला है, जिससे पता चलता है कि वह किसी बीमारी या अन्य वजह से बहुत परेशान चल रही थी। सुसाइड नोट में बार-बार अपने माता-पिता को सम्बोधित करते हुए हार जाने की बात लिखी गई है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शशांक गुप्ता ने सूचना दी थी कि बहन शालवी गुप्ता रात्रि में भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। जांच की जा रही है।

# पानी के लिए महिलाओं का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दस वर्षों से पेयजल संकट से परेशान मुहल्ले वासियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने 60 से 70 मीटर लंबी दूरी में दो इंच मोटी पाइप लाइन डलवाने के बाद समस्या से निजात दिलाने का सुझाव दिया।

जिला मुख्यालय के कजियाना मोहल्ले के रहने वाले चंद्रशेखर निषाद, माया, रामवती, शीला देवी, सुधा, सोनू, आराधना आदि लोगों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन में बताया कि उनके घरों में नल कनेक्शन होने के बावजूद नलों में पानी की सप्लाई ना आने से उन्हें आधा किमी दूर से प्रति माह पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। साथ ही जल संस्थान को भी कर भरना पड़ता है। उनकी पानी की समस्या लगभग 10 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। उन्होंने इस बावत शासन प्रशासन, संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया किन्तु आज तक जल संकट की समस्या से निजात नहीं मिल सकी है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रहलाद के मकान के पास से महिपाल के मकान तक लगभग 60 से 70 मीटर की दूरी तक दो इंच की नई पाइप लाइन डालने का सुझाव दिया है।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

### बिवांर कस्बे के वार्ड नंबर 9 में 10 दिन से पहुंच रहा गंदा पानी

**बिवांर।** कस्बे के वार्ड नौ में 10 दिनों से घरों में नलों में गंदा पानी पहुंच रहा है, जिससे लोग हैंडपंप से पीने का पानी लाने के लिए मजबूर है। वार्ड नौ में 10 दिनों से नल पर मटमैला व गंदा पानी आ रहा है, जो पीने के योग्य नहीं है। लोग हैंडपंपों से भरकर ला रहे हैं। मोहल्ले के शिवबरन सिंह चौहान, वीरसिंह भदौरिया, हरिकांत व्यास, अजीत सिंह, सगीर अहमद, रामआसरे कुशवाहा, शंकर प्रजापति आदि ने बताया कि आपूर्ति होते ही नलों से मटमैला व गंदा पानी निकलता है, जो पीने योग्य नहीं है। मजबूरी में मोहल्ले के लोग हैंडपंप से पीने का पानी व घरेलू उपयोग के लिए ला रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने शुद्ध पानी देने की मांग की है। उधर, जेई आशीष कुमार ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है। कहीं लीकेज से घरों में गंदा पानी पहुंच रहा होगा, इसकी छानबीन की जाएगी।

# पुलिस ने छह चोरों को पकड़ा, माल बरामद

संवाददाता राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने नगर के मलौंहा रोड से 4 चोरों व पनवाड़ी रोड से 2 चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सोने चांदी आभूषण सहित 64 सौ बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए चोरों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद जेल भेजा गया है।

कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे के मलौंहा रोड से कोतवाली पुलिस टीम ने रहमान पुत्र बाबूजी निवासी ग्राम मेवली जनपद हाथरस, फिरोज पुत्र भूरा निवासी मेवली जनपद हाथरस, एजाज पुत्र भूरा खान निवासी ग्राम मेवली जनपद हाथरस के अलावा जमील खान पुत्र बाबूजी निवासी ग्राम खडीत थाना जसराना जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास से बीती 19 फरवरी को ग्राम अमगांव में हुई चोरी से संबंधित सोने चांदी के आभूषण मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी झुमकी के अलावा 4200 रुपये बरामद किए गए हैं। बताया कि इसके अलावा नगर के पनवाड़ी रोड से दीपू कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम छोटी कुरौली थाना ककवन जिला कानपुर नगर व विवेक पुत्र भोला सिंह निवासी ग्राम मियां नगला थाना भोगांव जिला मैनपुरी को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से बीती 28 मई को कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड से महोबा जाने वाली रोडवेज की बस में सवार महिला यात्री ममता के बैग से हुई चोरी के संबंध में सोने चांदी के जेवरात व 2200 रुपये बरामद हुए हैं। बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी चोरों को जेल भेजा गया है।

## सार-संक्षेप


ऑटो पलटने से घायल हुए लोगों को पीएचसी पहुंचाया गया। अमृत विचार

### वनरोज से टकराकर हाईवे पर पलटा ऑटो, छह घायल

**सुमेरपुर।** मुख्यालय से सांवरिया लेकर कस्बे में आ रहे ऑटो हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के समीप वनरोज से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बुधवार को शाम करीब 4:00 बजे एक ऑटो मुख्यालय से सवारियां लेकर कस्बे में आ रहा था। नवीन गल्ला मंडी के समीप तेज रफ़्तार ऑटो अचानक हाईवे में आए वनरोज से टकराकर पलट गया। इस घटना में ऑटो में सवार किशन बाबू (22) निवासी स्वासा बुजुर्ग, शकुंतला (42) निवासी पंधरी, सबीना (45) निवासी महेरा, सुरेश (25) निवासी बिंवार, राजेश कुमार (42) निवासी अतरहट बांदा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यहां पर सभी को उपचार चल रहा है।

### ससुराल में दामाद का उपद्रव, पत्नी को पीटा

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के टीहर गांव के देवीदीन वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को शाम को शराब के नशे में दामाद रामायण आ गया है और रात को अभद्रता करते हुए घर में हंगामा करने लगा। पुत्री द्वारा मना किए जाने पर उसके साथ मारपीट की। मुंह में डंडा से वार करते हुए जबरन डंडा को घुसेड़कर दांत तोड़ दिए। उसी समय यूपी 112 को फोन से जानकारी देने पर आई पुलिस उसको नशा की हालत में हिरासत में लेकर थाना ले आई है। देवीदीन ने पुत्री के साथ थाने आकर दामाद के खिलाफ तहरीर दी है। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर दामाद के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### खेत पर किसान अचेत होकर गिरा और थम गईं सांसें

**मुस्करा।** खेत पर काम कर रहा 45 वर्षीय किसान अचानक बेहोश होकर गिर गया। परिवार के लोगों ने यूपी 112 को सूचना दी। पीआरवी ने किसान को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र की कंधौली निवासी हेमराज साहू ने बताया कि चाचा रामविशाल (45) पुत्र गोविंद साहू खेतों में मेड़ डालने का काम कर रहे थे। तभी अचानक बेहोश होकर गिर गए। नजदीक काम कर रहे परिवार के हरेंद्र साहू ने यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने किसान को गाड़ी से सीएचसी ले गए। जहां पर इमरजेंसी ड्यूटी कर रही डॉ .मनुलिका ने किसान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक रामविशाल के पास ढाई बीघा कृषि हेतु भूमि है। जिस पर वह खेती करके परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की तीन विवाहित बेटियां और एक अविवाहित बेटा है। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के डामर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के डामर गांव निवासी मान कुंवर पत्नी राधे कृष्ण ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम करीब 6 बजे अपने घर पर मौजूद थी। गभी गांव का रमेश आकर दरवाजा तोड़कर घर मे घुस गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर उसके परिजन संतोषी, जितेंद्र, दिलीप एक राय होकर मारपीट करने लगे। लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ में आरोपी को भेजा गया जेल

**राठ।** कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास दिनदहाड़े मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि बीती 1 जून को कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास फल की दुकान लगाने वाले 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने एक मासूम बालिका के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ कर दी थी। जिसके बाद पीड़ित बालिका के परिजनों की तहरीर के आधार पर नगर के पठनऊ इलाके के निवासी शफीक राइन के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। बताया कि जिसके बाद आरोपी व्यक्ति शफीक राइन को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेजा गया है।

### मृत किसान के नाम से कर दी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे का सब रजिस्ट्रार कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सब रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों ने एक मृत किसान के नाम जमीन की रजिस्ट्री कर दी। मामले की परते खुलते ही हड़कंप मच गया। कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव निवासी हरिहर सिंह लखनऊ में रहते थे। धनौरी गांव में उनकी जमीन थी। जो करीब 0 .535 हेक्टेयर जमीन थी। हरिहर सिंह को कोई संतान नहीं थी और न ही उनकी पत्नी थी। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि हरिहर की मृत्यु के बाद सब रजिस्ट्रार कार्यालय में किसी दूसरे के नाम जमीन की रजिस्ट्री कर दी गई। रजिस्ट्री सरीला तहसील के पतखुरी गांव निवासी आकाश पुत्र भीष्म सिंह के नाम की गई। रजिस्ट्री दस्तावेजों के अनुसार, हरिहर सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक के चेक नंबर 962446 से 5 लाख रुपये प्राप्त किए। जब मृतक के भाई लक्ष्मी प्रसाद राजपूत को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तहसील में विरासत का मामला दर्ज कराया। इसके बाद जमीन उनके नाम हो गई। यह घटना सब रजिस्ट्रार कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को दर्शाती है। रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड और दस उंगलियों के निशान अनिवार्य हैं। इसके बावजूद फर्जी व्यक्ति के नाम से रजिस्ट्री कर दी गई। यह मामला अब नगर में चर्चा का विषय बन गया है। इस संबंध में एसडीएम का कहना था कि जांच करा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# किशोरी को ले जाने वाले डाल रहे सुलह का दबाव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- दो महीने पहले किशोरी को बहलाकर ले गए थे आरोपी
- मुकदमा वापस नहीं लेने पर हत्या की दे रहे धमकी

**अमृत विचार।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दो माह पूर्व बहलाकर ले जाई गई अनुसूचित जाति की किशोरी के परिवार पर अब राजीनामा का दबाव डाल रहे हैं। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि आरोपी रिपोर्ट वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़ित ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को बांदा के जसपुरा निवासी रवि पुत्र उमाशंकर और विकास पुत्र छोटेलाल 22 अप्रैल को डरा-धमकाकर ले गए। उसी दिन मौदहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पुत्री को बरामद कर न्यायालय में बयान दर्ज कराए थे और मेडिकल भी कराया था, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के प्रभाव व दबाव में आकर पॉक्सो एक्ट की धारा नहीं बढ़ाई और न ही आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है।

अब आरोपी धमकी दे रहे हैं कि मुकदमे में आगे कोई कार्रवाई न करे और थाने में उनके पक्ष में शपथ पत्र दे दे। अगर ऐसा नहीं किया तो उसे दोबारा ले जाकर हत्या कर देगें। पीड़ित ने बताया कि वह पुत्री का जहां विवाह तय करता है, आरोपी उसकी पुत्री का वीडियो भेज देते हैं, जिससे उसका विवाह नहीं हो पा रहा है। धमकी दे रहे हैं कि जब तक राजीनामा नहीं करोगे, शादी नहीं होने देंगे। पुलिस ने उल्टे उसे व परिवार के दो लोगों का शांतिभंग में पाबंद कर दिया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# दो सप्ताह से बिजली गुल

**पौथिया।** बीते दिनों आंधी में टूटे पोल की जगह विभाग ने दूसरा पोल तो लगा दिया, लेकिन एक दबंग द्वारा लाइन न खींचने देने से दो सप्ताह से उजनेड़ी गांव के आधा दर्जन लोगों के यहां लाइट नहीं पहुंच रही है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

उजनेड़ी के रामआसरे, अरुण कुमार, सुरजन प्रसाद, भारत प्रसाद, भूरेलाल अनुरागी, राजेश कुमार, राजाबाई, सुशील अनुरागी, राधे अनुरागी, जीतेंद्र अनुरागी, शिवपूजन प्रजापति, चन्द्रशेखर वर्मा आदि लोगों ने एक्सईएन को बताया कि 21 अप्रैल को तेज आंधी से बिजली का पोल टूट गया था। पौथिया पावर हाउस के कर्मचारियों ने पोल तो लगा दिया, लेकिन गांव का विनोद कुमार वर्मा तार खींचने नहीं दे रहा है। उसका कहना है कि पोल उसकी जगह से हटा लो फिर तार खींचें। ग्रामीणों ने बताया जिस जगह पहले पोल लगा था, उसी जगह दोबारा पोल लगा दिया गया है, लेकिन दबंगई के चलते युवक तार खींचने नहीं दे रहा है।


अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सिंचाई विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

# धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग में विभिन्न पद निरस्त करने के शासनादेश के विरोध में संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री व सिंचाई मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा।

संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन में कहा गया कि 14 मई 2025 को जारी शासनादेश में उप राजस्व अधिकारी, जिलेदार, मुंशी, हेड मुंशी पदों की संख्या में कटौती व नलकूप चालक, सींचपाल के साथ साथ मिस्त्री कम ड्राइवर सहित अन्य पदों को निरस्त करने का आदेश पारित किया है। जिसके विरोध में सिंचाई विभाग के अंतर्गत विभिन्न संगठनों ने संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन कर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से जारी शासनादेश को निरस्त कर पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाए। इस दौरान अवधेश कुमार तिवारी, शिवानंद पाण्डेय, संदीप कुमार, दीपक मौर्य, प्रदीप कुमार, हरिओम गुप्ता, सुरेश साहू सहित समस्त कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

**सहूलियत मिली** — रेडीमेड शौचालय और पेशाब घर बनने से लोगों ने राहत महसूस की, नगर पंचायत की ओर से उठाया गया कदम

# बेरी तिराहे में शौचालय और टॉयलेट की सुविधा मिली

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** कस्बे के बेरी तिराहा में जनता की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने शौचालय व पेशाब घर बनवाने से राहगीरों व दुकानदारों ने राहत महसूस की है। यात्रियों व दुकानदारों ने चेयरमैन के इस कार्य की सराहना की है।

कस्बा के बेरी तिराहे में काफी समय से पेशाब घर व शौचालय न होने से यात्रियों व दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसके लिए उन्हें इधर उधर भटकना पड़ता था। जनता की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने कस्बे के बेरी तिराहे में रेडीमेड शौचालय व पेशाब घर बनवाकर रखवा दिया। जिससे यात्रियों व कस्बा के दुकानदारों को पेशाब व शौचालय के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। वही कस्बे में बेरी तिराहा में पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। जिस पर कुछ सभासदों ने इसका विरोध जताया है और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पानी की टंकी का निर्माण बंद करने की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि लोगों की मांग पर कस्बा के बेरी तिराहे में शौचालय और पेशाब घर बनवाकर रखवाया गया है। जिससे यात्रियों व दुकानदारों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। दुकानदार अरविंद कुमार, हिमांशु कुमार, दिलीप कुमार आदि ने बताया कि पेशाब घर व शौचालय घर बनने से अब यात्रियों व दुकानदारों को पेशाब के लिए यहां वहां नहीं भटकना पड़ेगा।



बेरी तिराहा पर स्थापित किया गया रेडीमेड शौचालय। अमृत विचार

# मठ और तालाबों को संवारने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सरोवर का निरीक्षण करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

- डीएम ने तालाबों से अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए
- मदन सागर में कब्जे रोकने को बाउंड्री बनाने पर दिया जोर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के समग्र विकास में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। जिले में पर्यटन के क्षेत्र में विकास को रफ्तार देने के लिए जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कबरई के ब्रम्हताल तालाब, मकरबई मठ, महोबा में मदन सागर स्थित खखरा मठ एवं जैन तीर्थंकर का स्थलीय निरीक्षण किया। ब्रम्हताल तालाब के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी को तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पर्यटन एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कहा कि ब्रम्हताल तालाब का पर्यटन विकास किया जाए। तालाब तक पहुंच मार्ग, पर्यटकों के बैठने एवं छांव की व्यवस्था, तालाब में बाउंड्रीवाल, इंटर लॉकिंग, शौचालय का इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जाए, जिससे तालाब का संरक्षण हो सके। जिलाधिकारी ने मकरबई मठ के निरीक्षण में जिला पंचायती राज अधिकारी को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था कराने और गांव के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। विजय सागर पक्षी विहार के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटकों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को घाटों को संरक्षित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मदन सागर एवं खखरा मठ के निरीक्षण में साफ सफाई की समीक्षा की। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब की नियमित रूप से सफाई कराई जाए और तालाब से जलकुम्भी हटवाई जाए। उन्होंने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को निर्देश दिए कि मदन सागर की जमीन पर बाउंड्रीवाल बनाकर उसे संरक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने खखरा मठ के फ्लोटिंग ब्रिज का सौंदर्यीकरण कराकर जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश पर्यटन अधिकारी को दिए। जैन तीर्थंकर के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पुरातत्व विभाग को पेयजल की व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त श्रीवास्तव, अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार व पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किशोरी से छेड़खानी में दोषी युवक को 4 साल कारावास

कार्यालय संवाददाता, महोबा



- अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश विशेष (पॉक्सो) संदीपा चैहान ने घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़खानी करने में दोष सिद्ध अभियुक्त को चार साल के करावास की सजा सुनाई है और 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

शहर के एक मोहल्ला में 14 अप्रैल 2021 को 14 वर्षीय किशोरी अपने घर पर अकेली थी। परिवार के लोग बाहर गए हुए थे, तभी मोहल्ले का ही रम्मू चौरसिया किशोरी के घर में घुस गया और उसका हाथ पकड़कर दूसरे कमरे में ले गया, जहां पर उसके साथ छेड़खानी की। किशोरी के चीखने-चिल्लाने पर युवक धमकी देते हुए भाग गया। किशोरी ने अगले दिन परिजनों को घटना की जानकारी दी। पिता ने 24 अप्रैल 2021 को रम्मू चौरसिया के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामले की विवेचना कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। बुधवार को न्यायाधीश ने दोनो पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मुकदमे की पैरवी करने वाले डीजीसी पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जान से मारने की धमकी देने में दो वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। छेड़खानी में तीन साल की सजा और तीन हजार रुपये का जुर्माना लगा है। सभी सजाएं साथ चलेंगी।

## कानपुर-सागर हाईवे पर कैमहा गांव के पास हुआ हादसा, घायल झांसी रेफर

# पेड़ से टकराई कार, दंपति की मौत, बहन व बहनोई घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

- चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा
- हादसे का शिकार हुए सभी लोग छतरपुर जनपद के रहने वाले

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैमहा गांव के पास तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे दंपति की मौत हो गई, जबकि बहन-बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की हालत गंभीर होने के कारण डाक्टर ने झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के किशनगढ़ निवासी सतीश खरे (54) अपनी पत्नी रश्मि खरे (48), बहन संगीता (51) और बहनोई रमाकांत (55) के साथ चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन करने गए थे। बाबा के दर्शन करने के बाद सभी लोग कार से अपने घर लौट रहे थे। यूपी-एमपी की सरहद पर कैमहा गांव के पास तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सतीश खरे और उनकी पत्नी रश्मि खरे की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि आल्टो कार के परखचे उड़ गए। दोनों घायल संगीता और रमाकांत की हालत नाजुक होने पर उन्हे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दंपति के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुर्घटना की खबर सुनते जिला अस्पताल में भीड़ जमा हो गई। दुर्घटनाग्रस्त कार मौके पर क्षतिग्रस्त पड़ी है। दुर्घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।

### खुद ही चला रहे थे कार झपकी आने से हादसा

- चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन कर कार से लौट रहा परिवार चालक को झपकी आने से हादसे का शिकार हो गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला है कि सतीश खरे खुद कार चला रहे थे। रात में जागने के कारण सुबह हल्की सी झपकी आ गई, जिससे कार असंतुलित हुई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सतीश खरे और रश्मि खरे की मौत के बाद उनके बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ जाने से बच्चों के सामने संकट खड़ा हो गया है।


चेकिंग के दौरान मौजूद अधिकारी अमृत विचार

# चेकिंग में 2 डग्गामार बसें, 5 क्रूजर सीज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीएम के निर्देश पर संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

**अमृत विचार।** बढ़ते डग्गामार वाहनों से राजस्व के भारी नुकसान को देखते हुए जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर सहायक संभागीय विभाग एवं पुलिस ने पुलिस के साथ अभियान चलाकर कार्रवाई की। चेकिंग अभियान से डग्गामार वाहन संचालकों में हड़कंप मचा रहा। तमाम वाहन चालकों में चेकिंग अभियान के डर से वाहन नहीं चलाए।

अधिकारियों की टीम द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कुल सात अवैध रूप से संचालित वाहनों को चिन्हित किया गया, जिनमें से एक डबल डेकर बस, एक बस तथा पांच क्रूजर वाहन शामिल हैं। सभी वाहनों को सीज किया गया है। गठित की गई संयुक्त टीम द्वारा आगे भी यह अभियान जारी रखा जायेगा। जिले में अवैध रूप से चलने वाले वाहनों के कारण रोडवेज की आय में प्रतिदिन भारी गिरावट हो रही है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य प्रशासनिक इकाइयों की संयुक्त टीम गठित की गई तथा प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सार-संक्षेप

### मध्य प्रदेश से किशोरी को कार में अगवा कर गैंगरेप

**कुलपहाड़।** कोतवाली क्षेत्र के बेलाताल गांव में एक किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बेलाताल पुलिस चौकी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। चौकी इंचार्ज का कहना है कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। पड़ोसी मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के एक गांव की रहने वाली महिला ने बेलाताल पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी की उम्र लगभग 16 वर्ष है। उसे 2 जून को कुछ दबंग लड़के कार से जबरन अगवा कर बेलाताल ले आए और यहां अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। किसी तरह पुत्री छूटी तो बदहवास हालत में 4 जून को फोन पर अपने भाई और भाभी को घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद मां बेलाताल पहुंची और पुलिस चौकी में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस सम्बन्ध में बेलाताल चौकी इंचार्ज सुजीत कुमार का कहना है कि अभी तक उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### क्रूजर की टक्कर से संविदाकर्मी की चली गई जान

**महोबा।** परथनिया-खरेला मार्ग पर गांव से तीन किलोमीटर दूर क्रूजर की टक्कर से साइकिल सवार संविदा कर्मचारी की मौत हो गई। मौत के बाद उसके घर में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खरेला थाना क्षेत्र के परथनिया निवासी कल्लू पुत्र पप्पू (50) खरेला नगर पंचायत में संविदा पर ट्रैक्टर चलाता था। गांव में रहकर वह प्रति दिन खरेला नगर पंचायत ड्यूटी करने आता-जाता था। बुधवार को भी वह साइकिल से नगर पंचायत ड्यूटी करने जा रहा था, तभी गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर पहुंचने पर सामने से तेज रफ्तार क्रूजर ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक क्रूजर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर क्रूजर चालक की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के बाद से कल्लू के घर में कोहराम मचा हुआ है। गृहस्वामी की मौत के बाद अब मां अपने बच्चों की परवरिश को लेकर खासी चिंतित है।

### दरवाजे पर खड़ी कैंपर चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ललपुरा थानाक्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग में घर के बाहर खड़ी कैंपर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। गाड़ी मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वासा बुजुर्ग निवासी राधेश्याम प्रजापति में बताया कि उसकी कैंपर गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। एक जून की रात को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया।

# लहसुन सस्ता होने से सब्जी का बढ़ा स्वाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- इस साल बाजार में 80 रुपये किलो बिक रहा लहसुन

**अमृत विचार।** इस साल लहसुन सस्ता होने से आम आदमी की पहुंच में है। तीन सौ रुपये किलो बिकने वाले लहसुन की कीमत 80 रुपये किलो होने से लोग लहसुन का स्वाद ले रहे है। घरों और शादी में भी लहसुन की सब्जी मिल रही है।

पिछले दो साल से 250 रुपये से लेकर 300 रुपये किलो बिकने वाले लहसुन ने सब्जी और दाल का स्वाद बिगाड़ दिया था। अब बाजार में लहसुन की कीमत घटकर 80 रुपये प्रति किलो होने से लोग लहसुन का स्वाद ले रहे है। पिछले साल लहसुन की कीमतें आसमान पर पहुंच जाने से अधिकांश लोगों ने लहसुन की खरीद बंद कर दी थी। किचन से लहसुन गायब हो गया था। लोग बिना लहसुन की सब्जी, दाल का प्रयोग कर रहे थे। महंगाई के चलते शादी विवाह में लहसुन की सब्जी गायब हो गई थी, लेकिन इस साल लहसुन सस्ता होने से गरीब लोग लहसुन का स्वाद ले रहे है।

इस दफा प्याज के दाम गिरने से लोग सलाद और चटनी का मजा ले रहे हैं। लोगों ने महंगी होने के डर से थोक में प्याज खरीद कर रख ली है। इस समय बाजार में 10 से 12 रुपये किलो प्याज बिक रही है। जिससे गरीब वर्ग के लोगों को भी अब सब्जी न बनने पर प्याज की सब्जी और प्याज की चटनी से खाना खा रहे है।

# बिजली-पानी के लिए सड़क पर उतरे

संवाददाता, पनवाड़ी


पनवाड़ी कस्बे में बुधवार को जुलूस निकालतीं महिलाएं और ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिजली, पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने कस्बे में बुन्देलखंड किसान यूनियन के नेता डा. पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष देवीदीन राजपूत, संगठन प्रभारी बुन्देलखंड बालाजी और महामंत्री भरत तिवारी के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर प्रर्दशन किया और नारेबाजी कर आक्रोश जताया। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन मे बताया कि सरकार की हर घर जल योजना के तहत गावों और कस्बों में पाइप लाइन बिछाकर घर-घर पानी पहुंचाने की मंशा है, जिसके तहत सरकार ने गांव गांव में ओवर हैड टैंकों का निर्माण कराया और पाइप लाइन बिछाई, लेकिन भीषण गर्मी में पानी मुहैया नही हो पा रहा है। जिससे ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। इसी तरह बिजली व्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। आए दिन बिजली कटौती और तारों के टूटने की समस्या से ग्रामीण परेशान है।

ज्ञापन में बताया गया कि हर घर जल योजना के तहत प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चत की जाए, बिजली के खंबों में विद्युत तार तत्काल टाइट कराए जाने, विद्युत विभाग की लापरवाई के कारण जिले मे हजारों बीघा बिजली के तार टूटकर गिरने से फसल बर्बाद होने पर बिजली विभाग से नुकसान की भरपाई कराए जाने की मांग की। बिजली के तारों से किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

### हमीरपुर सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला कल

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशानुसार कार्यालय में 6 जून को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ उठा सकते है।

बैठक | जिलाधिकारी ने ईद-उल-अजहा त्योहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की

# खुले में कुर्बानी कतई स्वीकार नहीं होगी : डीएम

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कलेक्ट्रेट में पीस कमेटी की बैठक करतीं डीएम गजल भरद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा के मद्देनजर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की, जिसमें जिले के सभी धर्म गुरुओं, प्रबुद्धजनों एवं नागरिकों से विचार-विमर्श कर त्योहार आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस त्योहार पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी की जाती है। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगे। जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त गहरा गड्डा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक और चूना डालकर समुचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष अपने.अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाएगी। त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा की जहां पर भी जितने टैंकर पानी की आवश्यकता हो वहां संपर्क करके समय से टैंकर भेजना सुनिश्चित करें तथा मस्जिदों के पास किसी भी प्रकार के जानवरों का मूवमेंट ना हो। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम शहरी एवं ग्रामीण से पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है, वह पूरी निष्ठा के साथ त्योहार सकुशल संपन्न कराने में भूमिका का निर्वहन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड का प्रयोग सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के तहत किया जाए। उन्होंने सभी धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उप जिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उप जिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, शहरकाजी आफाक हुसैन, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी आदि रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ | सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# ई-रिक्शा, टेंपो के खिलाफ चलाएं चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मानिकपुर, मऊ और देवांगना मार्गों पर चलने वाली डग्गामार जीपों का चालान किए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा और टेंपो-टैक्सियों में निर्धारित संख्या से ज्यादा सवारियां भरने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

डीएम ने बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। इसमें पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। डीएम ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि कर्वी- देवांगना मार्ग पर पोल शिफ्टिंग का काम तत्काल कराया जाए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मानवशक्ति बढ़ाकर सड़क जल्द पूरा कराने को कहा। निर्देशित किया कि एनएच पर चिह्नित ब्लैक स्पाटों और पेड़ों पर रिफ्लेटर व पास में शाइन बोर्ड लगाए जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि अगली बैठक में कितने वाहनों को सीज किया है, इसकी जानकारी दी जाए।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, साथ में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### बरसात से पहले चिह्नित करें बाढ़ की आशंका वाले गांव

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात से पहले बाढ़ की आशंका वाले गांवों को चिह्नित कर वहां सभी अहतियातन तैयारियां पूरी कर ली जाएं। इस संबंध में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डालने, पशुओं के टीकाकरण, निजी नाव एवं नाविकों की सूची तैयार करने, कंट्रोल रूम, बाढ़ क्षेत्र में ऊंचे स्थानों का चयन, ओहन, बरुआ एवं गुंता बांध पर वायरलेस सेट, बाढ़ के समय खाद्य सामग्री, दवाओं की व्यवस्था आदि को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थलीय निरीक्षण करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि सभी नोडल अधिकारियों से गौशालाओं का निरीक्षण कराकर भूसा आदि की जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने एडीएम उमेश चंद्र निगम को निर्देश दिए सभी विभागों की तैयारी के संबंध में एक अलग से बैठक करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

### पिपरावल पुल से खोह तक बने डिवाइडर

पुलिस अधीक्षक ने एनएच तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि पिपरावल पुल से खोह तक डिवाइडर की व्यवस्था कराई जाए। डिवाइडरों में पेंटिंग कराने, महेवा घाट के पहले सड़क को ठीक कराने, यूपीटी से शिवरामपुर खोही, राम शैया मार्ग से अतिक्रमण हटाने व शिवरामपुर पुलिया काली घाटी एवं राजापुर मार्ग पर मुहरवां पुल को ठीक कराने के निर्देश दिए।

### मालवाहक वाहनों पर सवारियां न बैठें

दोनों अधिकारियों ने सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में ओवरलोड वाहन नहीं चलना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां न आने-जाने पाए। इसका ध्यान सख्ती से दिया जाए।

# त्योहार में किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाए : डीएम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- डीएम और एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक की। लोगों से शांति और सहयोग की अपील की और कहा कि त्योहार में किसी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराया जाए। किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने तहसीलवार समस्याओं की जानकारी ली। धर्मगुरुओं व अलग-अलग क्षेत्रों से आए हुए लोगों, शांति समिति के सदस्यों से बात की। डीएम ने कहा कि जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षों में कुर्बानियां दी जाती रही हैं, उसी को कायम रखना है। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए, कोई कुर्बानी खुले में न हो। अपशिष्ट/अवशेष पदार्थों को चिह्नित स्थलों पर ही डाला जाए। जिलाधिकारी ने बिजली, सफाई आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों को आगाह किया कि जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें और किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि बकरीद के नमाज के पहले शूकरों को न छोड़ें, इसे पशुपालकों को सख्ती से बता दें। पुलिस अधीक्षक ने कहा शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नगर पालिका ईओ व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जहां पर कुर्बानी होती है, वहां पर अन्ना मवेशी न जाने पाएं। उन्होंने कहा कि धार्मिक व संवेदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई व्यवस्था रखें

डीएम, एसपी ने गंगा दशहरा को लेकर तैयारियों की भी जानकारी ली। निर्देशित किया कि सफाईकर्मी ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा व कपड़ा चेंजिंग रूम के लिए पहले से ही व्यवस्था की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी राजापुर रामऋषि रमन को निर्देशित किया कि राजापुर में यमुना नदी में प्रशिक्षित नाविकों की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

# वृद्धा की धारदार हथियार से काटकर हत्या, आंखें फोड़ीं

## ट्यूबवेल के पास मिला क्षत-विक्षत शव, मऊ थाना क्षेत्र के सुहेल बराछी गांव का मामला

संवाददाता, मऊ/रामनगर (चित्रकूट)।

- बेटा-बहू पहुंचे तो खून से लथपथ मिला शव

**अमृत विचार।** मऊ थानांतर्गत सुहेल बराछी निवासी एक वृद्धा की नृशंस हत्या कर दी गई। उसका शव उसके ट्यूबवेल के पास खपरैल के नीचे मिला। देर तक घर न पहुंचने पर उसका बेटा और बहू वहां पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर सन्न रह गए। शव की स्थिति इतनी वीभत्स थी कि लोग सिहर गए। समाचार भेजे जाने तक सीओ यामीन अहमद और अन्य पुलिस अधिकारी के साथ डाग स्क्वायड आदि मौके पर पहुंच गए थे।



रानी देवी। फाइल फोटो

जानकारी के मुताबिक, सुहेल बराछी निवासी लल्लू निषाद गांव से लगभग तीन किमी दूर चकौर गांव में ट्यूबवेल में डेरा बनाकर रहता है। उसके साथ उसकी पत्नी रानी देवी (72) भी रहती थी। दंपति के पांच पुत्र और एक पुत्री हैं, जो सुहेल बराछी में ही रहते हैं। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी रोजाना खाना खाने सुरेह बराछी वाले घर में जाते थे। बुधवार को लल्लू तो घर पहुंच गया पर देर तक रानी के न पहुंचने पर शाम लगभग पांच बजे पुत्र राम सिंह अपनी भाभी सरिता पत्नी भइयालाल के साथ उसको बुलाने ट्यूबवेल पहुंचा। वहां छप्पर के नीचे रानी देवी का क्षत विक्षत शव पड़ा था। सूचना पर सीओ के साथ मऊ एसओ दुर्गविजय सिंह और पुलिस, डाग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट आदि मौके पर पहुंचे। समाचार भेजे जाने तक पुलिस लोगों से पूछतांछ में जुटी थी।

### बेरहमी से की गई हत्या

ग्राम प्रधान अरविंद यादव ने बताया कि खून से लथपथ शव की हालत देखकर लगता था कि किसी ने बड़ी बेरहमी से उसकी हत्या की है। शव की दोनों आंखें फोड़ दी गई थीं और गला भी रेता गया था। पैर को भी धारदार हथियार से काटने की कोशिश की गई थी। पूरे शरीर पर कई जगह वार के निशान थे।

### घरवाले बोले, किसी से रंजिश नहीं

वृद्ध महिला की हत्या से परिवारीजन पूरी तरह से बदहवास हो गए। इन लोगों ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। हालांकि गांव में चर्चा रही कि जिस तरह से हत्या की गई है, उससे ऐसा नहीं लगता कि लूटपाट के लिए उसे मारा गया हो बल्कि किसी ने कोई बदला लेने के लिए महिला की क्रूरता से हत्या की है।

# 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताहः डीएम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बैठक में मातहतों को दिए निर्देश
- कहा कार्यक्रम को सफल बनाने को स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक करें
- आशा और एएनएम की सहभागिता तय की जाए

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को योग दिवस की तैयारी के संबंध में बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा, इसकी तैयारियां अभी से पूरी कर ली जाएं।

डीएम ने बताया कि 21 जून 2025 को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। शासन से इसके निर्देश दिए गए हैं, उसी के अनुसार सभी संबंधित विभाग व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी धीरेंद्र कुमार बिजौरिया से कहा कि 15 जून अटल पार्क कर्वी में योग कार्यक्रम का शुभारंभ कराया जाए, 21 जून को वृहद स्तर पर स्टेडियम में कार्यक्रम कराएं। बताया कि जिला मुख्यालय में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री करेंगे। स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक की जाए। इनमें आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम की सहभागिता तय की जाए। जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, डीएफओ प्रत्युष कुमार कटियार, प्रभारी सीडीओ धर्मजीत सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, राजापुर राम ऋषि रमन, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



हैंडपंप के पास खड़े सभासद शंकर प्रसाद यादव और वार्ड निवासी।

### शोभा सिंह का पुरवा में लगा हैंडपंप, लोगों में खुशी

**चित्रकूट।** पेयजल की समस्या से जूझ रहे शोभा सिंह का पुरवा (शास्त्री नगर वार्ड) के लोगों को अब भरपूर पानी मिलेगा। यहां नगर पालिका ने हैंडपंप लगवा दिया है और पाइप लाइन में जलापूर्ति की क्षमता में वृद्धि भी की गई है। सभासद शंकर यादव ने बताया कि मोहल्ले में पिछले पांच साल से लोग जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहे थे। गर्मी में दिक्कत बढ़ जाती थी। पाइपलाइन पड़ी थी लेकिन नलों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। बताया कि इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका व जल संस्थान के अधिकारियों से संपर्क करके समस्या का समाधान कराने का बीड़ा उठाया। जमरेही नाथ मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा बोरिंग कराई गई और जल संस्थान द्वारा सबमर्सिबल पंप लगाकर जलापूर्ति की क्षमता में वृद्धि की गई। आशा जताई कि अब पूरे मोहल्ले में सबको सुचारू रूप से पानी मिल पाएगा।

### आरोपी को असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**भरतकूप (चित्रकूट)।** एसआई रामकुमार ने छोटू पुत्र कल्लू यादव निवासी भारतपुर को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में एसआई कन्हैयालाल पांडेय, मुख्य आरक्षी शैलेंद्र सिंह और आरक्षी अखलेश तोमर मौजूद रहे।

### सरकारी हैंडपंप को लेकर दो परिवारों में विवाद गहराया

**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्रामीण अंचलों में अधिकतर विवाद झूठी शान दिखाने को लेकर ठन जाते हैं, जिनका वजूद भी कुछ खास नहीं होता है। वजह नाक की लड़ाई बन जाती है। समय रहते प्रभावी कदम न उठाए जाएं तो विवाद के मारपीट तक में तब्दील होने में देर नहीं लगती। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत छीबों का सामने आया है। शिकायतकर्ता सुनीता देवी पत्नी राम सजीवन श्रीवास ने खंड विकास अधिकारी रामनगर को पत्र लिखकर एक अन्य व्यक्ति पर सरकारी हैंडपंप पर अवैध कब्जा करने एवं उसे चाहरदीवारी के अंदर बंद करने का आरोप लगाया है। उसने हैंडपंप को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। इस पर खंड विकास अधिकारी वसीम निजामी खां ने एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय व सचिव ग्राम पंचायत छीबों बृज बिहारी को संयुक्त रूप से जांच करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने बताया कि शासन की गाइडलाइन एवं नियमानुसार सरकारी हैंडपंप को चाहरदीवारी के अंदर ताला बंद कर नहीं रखा जा सकता। यह सार्वजनिक संपति है, जिसे सार्वजनिक स्थल पर ही समायोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के अनुसार कब्जे में हैंडपंप पाया गया, जिसे मुक्त कराने के लिए विभागीय उच्चधिकारियों सहित थानाध्यक्ष राजापुर को पत्र लिखकर प्रकरण से अवगत कराया गया है।

### कोनिया गांव के युवक का आईआईटी में चयन

**मऊ (चित्रकूट)।** कोनिया निवासी नरेंद्र मिश्र के पुत्र श्रेयश का आईआईटी जेईई एडवांस की प्रवेश परीक्षा में 1768 रैंक के साथ चयन हुआ है। गांव और परिवार के लोगों ने प्रसन्नता जताई है। श्रेयश के चयन पर सपा यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### परिवार परामर्श केंद्र में कराया पति-पत्नी में समझौता

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम ने झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराई। गीता निवासी रामपुर कल्याणगढ़ ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर पति अंकित पुत्र राजाभाई व ससुरालीजनों पर शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थनापत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र को निर्देशित किया। केंद्र प्रभारी गीता देवी, आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, मंजूलता पाल,पुलिस काउंसलर सुरेशचंद्र जायसवाल ने दोनों पक्षों को समझाया।

### मीटर रीडर का वीडियो वायरल

**रामनगर (चित्रकूट)।** पावर हाउस बोड़ीपोखरी में एक लाइनमैन का उपभोक्ता से पैसे लेते हुए वीडियो वायरल हुआ है। (हालांकि 'अमृत विचार' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।) गौरतलब है कि पावर हाउस बोड़ी पोखरी एवं रामनगर में आये दिन कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। अब एक मीटर रीडर पर उपभोक्ता से बिल कम कराने के लिए सुविधा शुल्क लेने का आरोप लग रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मामले ने तूल पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, मामला संज्ञान में आने पर प्रशासन ने एसी विद्युत को जांच कराने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने एसडीओ विद्युत बोड़ीपोखरी से रिपोर्ट मांगी हैं। एसडीओ अरविंद कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया है कि मीटर रीडर 24 मार्च को ग्राम रोखरी में रीडिंग लेने गया था। एक उपभोक्ता ने घर के विद्युत कनेक्शन का बिल जमा करने के लिए सात हजार रुपये इसे दिए थे और कुछ लोगों ने गलत मंशा से वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। वीडियो तीन महीने पुराना है और बदनाम करने की मंशा से वायरल किया गया, जिसे उपभोक्ता ने भी खंडन किया है।

### पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के एसआई राहुल पांडेय ने सुनील कुमार कुशवाहा पुत्र रामकिशोर निवासी भरतकूप को 25 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। राजापुर के एसआई अनुराग सिंह ने धर्मवीर उर्फ सहवाग पुत्र राजबहादुर यादव निवासी कारखाना मोहल्ला को 20 अदद पाउच और बरगढ़ के एसआई अमरेश तिवारी ने ननकऊ आदिवासी पुत्र पंचम निवासी पनहाई मजरा सेमरा को 17 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों पर संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

# सवर्ण एकता दिवस पर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

**मऊ (चित्रकूट)।** सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय के जन्मदिन पर सवर्ण आर्मी की चित्रकूट इकाई ने सवर्ण एकता दिवस मनाया। ऋषियन आश्रम में पूजा अर्चना की गई। भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया और भंडारे का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय संयोजक गोपाल पांडेय, जेएनयू के प्रो. राजमणि त्रिपाठी, मानिकपुर विधायक के प्रतिनिधि विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू, समाजसेवी अजय मिश्रा, कौशांबी की भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, सवर्ण आर्मी प्रदेश महासचिव संदीप द्विवेदी, प्रदेश सचिव कुलदीप पांडेय, दिव्यांग प्रकोष्ठ संयोजक अशोक पांडेय आदि मौजूद रहे।



भंडारे में शामिल होने आए श्रद्धालु। अमृत विचार

# आश्रम के विकास कार्यों में अनियमितता!

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ऋषियन आश्रम संचालक इंद्रेश त्रिपाठी ने आश्रम में किए जा रहे विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर टीएसी जांच कराने की मांग की है।

इंद्रेश ने बताया कि यहां पर श्रद्धालुओं का आवागमन होता रहता है, इसलिए मूलभूत सुविधाओं के लिए समय-समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराया जाता रहा है। इसी क्रम में सरकार ने यहां विकास कार्यों की स्वीकृति दी। बताया कि सरकार ने 126.95 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी, जिसके सापेक्ष कार्यदायी संस्था को पहली किस्त 75 लाख रुपये बीते साल मिल चुके हैं। इसके तहत सत्संग भवन (यात्री निवास), टॉयलेट ब्लॉक, प्रवेश द्वार, घाट, यात्री शेड, मंदिर के चारों तरफ स्टोन फ्लोरिंग, चबूतरा, इंटरलॉकिंग, टाइल्स ,मल्टीकलर साइनेज, स्ट्रीट व बोर्ड लाइट, पेयजल व्यवस्था ,आरसीसी बेंच एवं डस्टबिन का कार्य होना है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर भी की गई थी। उनका कहना है कि अधिकारियों ने जांच की खानापूरी कर दी है। काम की देरी के संबंध में पर्यटन विभाग ने वन विभाग व कुंभ मेला का हवाला दिया जबकि यह एक बहाना मात्र और सरासर झूठ है। उनका कहना है कि पहले और इसके बाद ठेकेदार के पास पर्याप्त समय था लेकिन कार्य में रुचि नहीं ली गई। उनका यह भी कहना है कि ठेकेदार दबंग किस्म का व्यक्ति है।



निर्माण कार्य, जिस पर लग रहे अनियमितता के आरोप। अमृत विचार

यदि कार्य की गुणवत्ता के संबंध में कोई व्यक्ति बोलता है तो ठेकेदार के लोग अपनी पहुंच ऊपर तक बताते हैं और धमकी देते हैं कि शिकायत करोगे तो फर्जी मुकदमे में फंसवा देंगे। संचालक का कहना है कि प्रत्येक वर्ष की भांति श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे और उनको इस अनियमितता का सामना करना पड़ेगा। बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को इस संबंध में शिकायत भेजी है और टीएसी जांच की मांग की है।

**शिकायत** पंचायत सहायक ने एक बार फिर लगाए आरोप

# शपथ पत्र देकर लगाए कामों में अनियमितता के आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ ब्लॉक में भ्रष्टाचार के नए नए मामले सामने आ रहे हैं। चर्चित गांव पूरब पताई में एक बार फिर वहां के पंचायत सहायक बसंत लाल ने प्रधान और सचिव पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शपथ पत्र भेज शिकायतें की हैं।

शपथ पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत पूरब पताई के मजरा पाठक पुरवा मंए कालीचरण के घर से कल्लू के घर तक गड्ढा पटाई कार्य में प्रधान व सचिव ने दिनांक 24 जनवरी 24 को 2,33,671 रुपये का भुगतान किया गया। उसका दावा है कि मौके पर काम नहीं हुआ है। इसकी सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाए। उसने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत भवन में 10,680,00 रुपये कई किस्तों में भुगतान किए गए, जो कि नियम विरुद्ध है। कहा कि जिम्मेदार योजनाओं में भ्रष्टाचार कर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मामले में जब ग्राम पंचायत सचिव विश्वप्रधान मिश्रा को फोन किया गया तो उन्होंने हमेशा की तरह फोन नहीं उठाया। प्रधान से भी बात नहीं हो सकी।



इसी सड़क को लेकर उठाए जा रहे सवाल। अमृत विचार

> मेरे पास अभी ऐसा कोई मामला नहीं आया है, जिला स्तर से जो टीम आएगी मै उसमें सहयोग करूंगा और जो मामला सामने आएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –ओमप्रकाश यादव, बीडीओ

### मिट्टी-बालू डलवाने में अनियमितता



गांव के सुधीर पाठक ने आरोप लगाया कि पूरब पताई के मजरा पाठक के पुरवा में लगभग 50 मीटर गली में छह ट्राली मिट्टी– बालू डलवाई गई, जो सही नहीं है। इस संबंध में 2,33,000 रुपये के लगभग भुगतान करवाया गया।

### इंटरलाकिंग में भी सवालिया निशान



शिवनायक सिंह ने कहा कि पंचायत भवन की इंटरलॉकिंग में भी घोर अनियमितता की गई है। आरोप लगाया कि तीन बार में इसका लाखों का भुगतान फर्जी किया गया। इतनी शिकायत होने के बावजूद कुछ हो नहीं रहा है।

### जांच हो और कार्रवाई हो



बसंत लाल ने गांव के अन्य कामों में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया। उसका कहना है कि गांव में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। मामले में जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

> मामले में जिला स्तर पर एक जांच टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –इंद्रनारायण सिंह, डीपीआरओ

# बिना डिग्री अस्पताल चलाने का आरोप

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** कस्बे में अशोक चौराहा से चंद दूरी पर सेमरा मार्ग के किनारे एक व्यक्ति पर डिग्री न होने के बाद भी अस्पताल चलाने के आरोप लगे हैं।

समाजसेवी अवध मौर्य ने आरोप लगाय कि यह व्यक्ति फर्जी रूप से अस्पताल का संचालन कर रहा है। तीन-चार लोगों को लगाकर हॉस्पिटल संचालन करता है। दावा किया कि किसी भी कर्मचारी के पास कोई सर्टिफिकेट या डिग्री नहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि बाकायदा भर्ती करने की भी सुविधा है और बड़े से बड़ा इलाज करने की बात कही जाती है। गरीब तबके के लोगों का तांता लगा रहता है। आरोप यह भी है कि इस तरह के कस्बे में कई जगहों पर झोलाछाप इलाज में जुटे हैं। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्साधिकारी से बात की गई तो उन्होंने जांच कराकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,998.25 | 24,620.20 |
| बढ़त | 260.74 | 77.70 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.32 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 5 जून 2025

## एक नजर

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमश: 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

### गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

# भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध को केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

### फ्लिपकार्ट की शाखा ने 583 करोड़ में बेची 6% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट की इकाई फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स ने आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) में अपनी पूरी छह प्रतिशत हिस्सेदारी बुधवार को 583 करोड़ रुपये में बेच दी। फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एफपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एफपीएल अमेरिका स्थित वॉलमार्ट समूह का हिस्सा है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद 'टर्म शीट' के अनुसार, एबीएफआरएल के 7.31 करोड़ शेयर 79.50 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचे गए। यह मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एबीएफआरएल के 86 रुपये के बंद भाव से करीब 7.6 प्रतिशत कम है। गोल्डमैन सैक्स इस सौदे का एकमात्र 'बुकरनर' है। इस लेनदेन में 7.31 करोड़ शेयर की बिक्री शामिल है, जो मुंबई स्थित एबीएफआरएल की करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

# अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**



- कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव
- एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।



## एक नजर

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

### शाहदरा के गुरुद्वारे की भूमि पर वक्फ का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का शाहदरा की एक संपत्ति (जहां गुरुद्वारा है) पर दावा जताने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वक्फ बोर्ड की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में 2010 के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया था। मामला 1980 के दशक का है, जब दिल्ली वक्फ बोर्ड ने हीरा सिंह (अब मृतक) के खिलाफ शाहदरा के एक गांव में स्थित एक मस्जिद के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया था। बोर्ड ने तर्क दिया कि संपत्ति वक्फ की संपत्ति थी। प्रतिवादी ने दावे को विवादित बताते हुए तर्क दिया कि केस समयसीमा पार कर चुका और दावा किया कि संपत्ति उसे मोहम्मद ने बेची थी।

# प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

### ईडी ने गोवा भूमि घोटाले के सरगना को किया गिरफ्तार

**पणजी।** ईडी ने गोवा में करोड़ों के भूमि घोटाले के सरगना रोहन हरमलकर को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार रहा है। पणजी की एक विशेष अदालत ने उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने दावा किया कि छापों और तलाशी के बाद हुई जांच के दौरान हरमलकर फरार रहा। धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि हरमलकर और अन्य आरोपियों ने छद्म नाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ आदि के जरिये वास्तविक संपत्ति मालिकों के साथ धोखाधड़ी की है।

# अपशिष्ट निपटान के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इन्कार

**1984 भोपाल गैस त्रासदी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के खिलाफ दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की जान चली गई थी और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। कोर्ट ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने और धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में निपटान करने के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में 27 फरवरी को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वकील से पूछा, आप मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष इस प्रयास में विफल रहे हैं। आपने इस अदालत के समक्ष भी इसे रोकने का प्रयास किया था। कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। अब छुट्टियों के दौरान, आप चाहते हैं कि हम यह सब रोक दें।

**रक्षा अलंकरण**



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

# भारत में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक दशक में 3.2 करोड़ लोग विस्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की रिपोर्ट

भारत में बाढ़ और तूफान समेत अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण वर्ष 2015 से 2024 के बीच 3.23 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन दर्ज किया गया। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वालों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपीन के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान आपदाओं के कारण 210 देशों और क्षेत्रों में 26.48 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ या उन्हें मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा। पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, देशों के स्तर पर, पिछले दशक में बांग्लादेश, चीन, भारत, फिलीपीन और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे अधिक रहे।

चीन में 4.69 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ जबकि फिलीपीन में यह आंकड़ा 4.61 करोड़ रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम था। इसमें कहा गया है, वर्ष 2015 से 2024 के बीच दुनिया के अधिकांश आपदा जनित विस्थापनों का कारण तूफान रहा जिसके चलते 12.09 करोड़ लोग विस्थापित हुए। इसी अवधि में बाढ़ से 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर तूफान से विस्थापनों में 'अम्फान' सहित अन्य चक्रवातों का योगदान लगभग 92 प्रतिशत है।

### एससीएओआरए अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष ने बुधवार को सीजेआई बीआर गवई को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत की 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' एसोसिएशन (एससीएओआरए) पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करने का आरोप लगाया। दावा किया कि एससीएओआरए ने शीर्ष कोर्ट के सामान्य बुनियादी ढांचे और बार सदस्यों से जुड़े मामलों पर संचार जारी किया था। एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि वह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस संस्था का कामकाज सुसंगत, अनुशासित रहने के साथ अतिक्रमण या टकराव से मुक्त रहे, खास तौर पर बार या सुप्रीम कोर्ट के बुनियादी ढांचे के सामान्य हितों से संबंधित मामलों में। सिंह ने बार में एकीकृत राय को बढ़ावा देने, निर्बाध सहयोग और संस्थागत शुचिता के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने तथा बार एवं पीठ के बीच सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पावड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

अहमदाबाद। 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी: पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।



पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।



# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में नहीं खेल सके। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

### सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीते। राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक-एक कांस्य पदक जीता।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एशिया कप**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे शृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- **सात विकेट से मैच जीतकर शृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 शृंखला**

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस शृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 शृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।

# नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।



स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।



बेंगलुरु में विधान सौधा में आरसीबी द्वारा आईपीएल 2025 जीतने के बाद टीम के सम्मान समारोह के दौरान एकत्रित प्रशंसकों की भीड़।

# 35 हजार क्षमता, पहुंच गए 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, नतीजा मातम में बदला जश्न

**बेंगलुरू, एजेंसी**

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा । वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए



स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद देखी गई।

पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे। मैने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे ।

### पिछले कुछ महीनों में यहां मची भगदड़

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**

उप्र के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**जनवरी 2025, महाकुंभ**

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी।

---

## एक नजर

### असद सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से हमला

**इजराइल।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुर: भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती है: आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।



### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।

## वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है: 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ: आस्ट्रेलिया

- रक्षामंत्री राजनाथ ने नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की



रक्षामंत्री राजनाथ के साथ मौजूद आस्ट्रेलियाई समकक्ष।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम आतंकी हमले पर नयी दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की।

सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की गंभीर चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

### आतंकवाद विरोधी संदेश देने लिए अमेरिका पहुंचा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों, विभिन्न थिंक टैंक के सदस्यों एवं नीतिगत मामलों के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सामने मौजूद आतंकवाद की चुनौती और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी देगा। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचा और बृहस्पतिवार तक यहां रहेगा।

## कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।

# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी



की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।

## संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा



(एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।


# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- प्रतिबंध के बावजूद काजीरंगा के पास अवैध खनन बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पार्कुप पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन जारी है तथा और तेज हो गया है। न्यायालय ने 2019 में उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में और उसके आसपास खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में दुनिया में लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की लगभग 65 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यह ब्रह्मपुत्र बाढ़ क्षेत्र और कार्बी आंगलोंग पहाड़ियों के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे

- शीर्ष कोर्ट द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद खनन जारी



का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने सीईसी के पूर्व निष्कर्षों पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण वन्यजीव आवासों और वन्य परिदृश्यों के क्षरण को रोकने के लिए इस क्षेत्र में खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। असम में एक अज्ञात सरकारी कर्मचारी की शिकायत और फील्ड स्तरीय सत्यापन के आधार पर, सीईसी ने 30 मई को सुप्रीम कोर्ट को एक नई रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि चार अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी हैं तथा और तेज हो गई हैं। बड़े पैमाने पर खनन जारी है, विशेष रूप से पार्कुप पहाड़ रेंज में, जो एक घोषित वन्यजीव अभयारण्य है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिणी सीमा बनाता है। दिसंबर 2024 में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त शिकायत में 2019 से 2023 तक की गूगल अर्थ इमेजरी और स्थल-विशिष्ट डेटा शामिल थे। कथित तस्वीरों से पता चलता है कि खनन कोर्ट के 2019 के प्रतिबंध आदेश के बाद बंद हो गया था लेकिन 2021 के बाद फिर से शुरू हुआ तथा तेज हो गया।

**प्रतिक्रिया** पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर दी प्रतिक्रिया

# समग्र दृष्टिकोण से ही सुलझेगा भारत-पाकिस्तान विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर कहा कि इस समस्या का कोई सैन्य समाधान नहीं है तथा इसके लिए एक अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक साधनों सहित भारत की पूरी ताकत का लाभ उठाया जा सके।

राघवन ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान संबंध विषय पर अपने विचार रखते समय इस बात पर जोर दिया कि भारत का वास्तविक प्रभाव उसकी आर्थिक जीवंतता, सामाजिक बहुलवाद, संस्थागत



टीसीए राघवन

लचीलेपन और सांस्कृतिक पहुंच में निहित है, न कि केवल उसकी सैन्य शक्ति में। पाकिस्तान में सात साल तक सेवा देने वाले पूर्व राजनयिक ने कहा कि दरअसल पाकिस्तानी सेना भारत की सैन्य शक्ति से खतरा महसूस नहीं करती, बल्कि वह उसके सामने खड़ा होना चाहती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानियों को आपकी सेना की चिंता नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र के रूप में आपकी समग्र प्रगति- आपकी आर्थिक वृद्धि, आपकी सामाजिक प्रगति, आपके समाज की बहुलता और आपकी संस्थाओं की ताकत उसकी चिंता है। यही वह चीज है जिससे वे वास्तव में डरते हैं, कोई सैन्य समाधान नहीं है, आपको अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। राघवन ने कहा, वास्तविक अर्थों में आपकी ताकत बहुत बड़ी है, वास्तव में आपका सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से आधिपत्य पाकिस्तान की चिंता है। इसलिए अगर हम पूरी तरह से सुरक्षा आधारित संबंध की ओर बढ़ते हैं तो यह सब एक तरफ रह जाएगा। आपको पाकिस्तान से केवल दो, तीन या पांच साल के लिए ही नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय के लिए निपटना है तथा यह देखते हुए आपको अधिक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। इस बात को रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ स्थिति महज एक सामरिक या सैन्य मुद्दा नहीं है।

### संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे : राघवन

राघवन (69) ने जोर देकर कहा कि आज मुख्य चुनौती यह है कि एक कार्यशील द्विपक्षीय संबंध की अनुपस्थिति में उस पड़ोसी के साथ अस्थिर एवं टकराव वाली स्थिति का प्रबंधन कैसे किया जाए जिससे निपटना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ये संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे हैं। राघवन ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने का हालिया निर्णय दर्शाता है कि मेज पर कितने कम राजनयिक विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, इस बार, एक तरह से आपके पास आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। बाकी जो कुछ भी किया जा सकता था, वह पहले ही किया जा चुका है।